www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–261 । सागर, शुक्रवार, 10 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए




प्रधानमंत्री ने छतरपुर, नीमच और सतना में की सभाएं, कहा-

# बुंदेलखंड को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाने वालों को सत्ता के लिए तरसाएं

**छतरपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बुंदेलखंड में महाराजा छत्रसाल के जमाने से जल संरक्षण की, तालाबों के विकास की परंपरा रही है। उन्होंने यह विरासत हमें सौंपी थी, जल प्रबंधन की एक अच्छी व्यवस्था हमें सौंप कर गए थे। जब बुंदेलखंड जल संरक्षण की व्यवस्था में इतना आगे था, तो फिर आजादी के बाद बुंदेलखंड को बूंद बूंद पानी के लिए किसने तरसाया? अब उस कांग्रेस को आपको सौ सालों तक सत्ता के लिए तरसाना है, तभी इनका दिमाग ठिकाने आएगा। कांग्रेस को यह पता चलना चाहिए कि सत्ता के बिना तरसना कैसा होता है।

वह छतरपुर में आयोजित चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब दशकों तक प्रदेश में कांग्रेस की सरकारें थी, तब भी केन, बेतवा नदियां बह रही थी। तो फिर केन-बेतवा लिंक परियोजना को मोदी का इंतजार क्यों करना पड़ा? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इस परियोजना पर 45 हजार करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है। श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने देश भर में अनेक बड़ी सिंचाई परियोजनाओं को कई कई सालों तक, दशकों तक लटकाए रखा। कांग्रेस के लिए लटकाना, भटकाना और अटकाना नई बात नहीं है, यह उनका स्वभाव है। ▪ **शेष पृष्ठ 5 पर**



## हर गरीब के सपने हो रहे पूरे



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने छतरपुर में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2014 में हमारे नेता नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही यह संकल्प लिया था कि देश के किसी भी गरीब को मजबूरी या मुफलिसी में नहीं जीना पड़ेगा। हमें गर्व है कि आज न सिर्फ हर गरीब के अपने सपने पूरे हो रहे हैं बल्कि करोड़ों लोग गरीबी रेखा से बाहर निकलकर सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं। मोदी के ▪ **शेष पृष्ठ 5 पर**

सतना की सभा में बोले-

## कांग्रेस आई तो योजनाएं बंद कर देगी

**सतना, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस गरीबों का हक छीनती है। आपको एक सीख याद रखनी है, कांग्रेस आई, तबाही लाई, अगर गलती से भी कांग्रेस आ गई तो फिर आपको सरकार से मिलने वाली सारी मदद बंद कर देगी। उन्होंने बिना नाम लिए कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के दो बड़े नेता अपने बेटों को सेट करने के लिए राज्य को अपसेट करने का आरोप लगाया। साथ ही मतदाताओं को आगाह करते हुए कहा सबको सीख है, कांग्रेस आई, तबाही लाई और चल रही योजनाओं के बंद कर देगी।

## लाखों परिवारों का जीवन बदला

**नीमच, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मध्यप्रदेश में सुशासन की निरंतरता, मध्यप्रदेश के विकास, प्रदेश की समृद्धि का श्रेय भाजपा के ट्रैक रिकार्ड को है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी यानी हर गारंटी के पूरा होने की गारंटी होती है। उन्होंने मतदाताओं पर भरोसा ▪ **शेष पृष्ठ 5 पर**

राहुल ने अशोकनगर और जबलपुर में की सभाएं, कहा-

# पिछड़ों को नहीं मिल रहा उनका हक, जातिगत जनगणना होकर रहेगी

**अशोक नगर/जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने आज दृढ़ता के साथ दोहराते हुए कहा कि वे देश में जाति आधारित जनगणना के पक्ष में हैं और पार्टी की सरकार बनने पर ऐसा होकर ही रहेगा।

अशोकनगर और जबलपुर में उन्होंने कहा कि चाहे जो भी हो जाए, देश में जाति आधारित जनगणना होकर रहेगी और इसके बाद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलित और आदिवासी वर्ग को उनका हक दिलाया जाएगा। श्री गांधी का कहना है कि वर्तमान में ओबीसी, दलित और आदिवासियों को उनका हक नहीं मिल पा रहा है। इसकी वजह यह है कि देश में इनकी संख्या कितनी है, इसके बारे में वास्तविक स्थिति पता नहीं है। जाति आधारित जनगणना होने पर यह स्थिति साफ हो जाएगी और फिर तीनों वर्गों को उनकी संख्या के हिसाब से उनके साथ न्याय किया जाएगा। श्री गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना से ही पता लगेगा कि इस देश में कितने दलित हैं कितने ओबीसी हैं कितने आदिवासी हैं। देश की सरकार को नरेंद्र मोदी और 90 अफसर चलाते हैं और मध्य प्रदेश की सरकार को शिवराज सिंह चौहान और 53 अफसर मिलकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश का ▪ **शेष पृष्ठ 5 पर**



## कांग्रेस शासित राज्यों की उपलब्धियां गिनाईं, मप्र में फिर करेंगे किसानों का कर्ज माफ

उन्होंने कांग्रेस शासित राज्य छत्तीसगढ़, राजस्थान और कर्नाटक में हुए कार्यों को गिनाया और कहा कि मध्यप्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने पर इन कामों को यहां भी किया जाएगा। श्री गांधी ने कहा कि किसानों का कर्जा माफ किए जाने के साथ ही काफी रियायती दरों पर बिजली और रसोई गैस सिलेंडर लोगों को मुहैया कराए जाएंगे। गरीबों, किसानों और महिलाओं के कल्याण के काम भी होंगे। राजस्थान की तर्ज पर स्वास्थ्य सुविधाएं इस राज्य के लोगों को मुहैया करायी जाएगी।

रीवा और चित्रकूट की सभाओं में बोलीं प्रियंका

## भाजपा काम की नहीं जाति धर्म की बात करती है

**रीवा/ सतना, देशबन्धु।** कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के मन में एक बात बैठ चुकी है कि हमें काम करने की जरूरत नहीं है, हम चुनाव के समय बड़ी-बड़ी घोषणाएं करेंगे, मीडिया का उपयोग करेंगे, धर्म की बात करेंगे, जाति की बात करेंगे और इसी आधार पर वोट मिल जाएगा और हम सत्ता में फिर आ जाएंगे।



श्रीमती गांधी ने आज रीवा और सतना में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को सम्बोधित किया। प्रियंका ने बेरोजगारी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि कांग्रेस की जब सरकार में थी तो कांग्रेस ने सरकारी नौकरियां देने का काम किया, लेकिन भाजपा की सरकार जब से देश और प्रदेश में ▪ **शेष पृष्ठ 5 पर**

## सांसदों-विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामले जल्द निपटाएं

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने वर्तमान, पूर्व सांसदों और विधायकों से जुड़े आपराधिक मामलों की प्रभावी निगरानी तथा शीघ्र निपटान के लिए गुरुवार को सभी उच्च न्यायालयों को स्वत: संज्ञान मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उन मामलों की प्रभावी निगरानी के उपाय विकसित करने की जिम्मेदारी उच्च न्यायालयों पर छोड़ते हुए कहा कि उनसे निपटाने के लिए देश भर की ट्रायल अदालतों को एक समान दिशानिर्देश देना मुश्किल होगा। शीर्ष अदालत ने अश्विनी कुमार उपाध्याय की जनहित याचिका का निपटारा करते हुए सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के त्वरित निपटान के लिए मौत की सजा या आजीवन कारावास की सजा वाले मामलों को प्राथमिकता देने सहित कई निर्देश जारी किया। पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय न्यायिक और प्रशासनिक स्तर पर इन मुद्दों से निपट रहे हैं। वे उस स्थिति से अवगत हैं, जो उनकी हर जिला अदालत में मौजूद है। हम ऐसे तरीकों को विकसित करने के लिए इसे उच्च न्यायालयों पर छोड़ना उचित समझते हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सांसदों, विधायकों के लिए नामित अदालतों के संबंध में एक स्वत: संज्ञान मामला दर्ज करेंगे, ताकि उनके खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटान की निगरानी की जा सके। शीर्ष अदालत ने आगे कहा, स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ . या उनके द्वारा नियुक्त पीठ द्वारा की जाएगी। स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई करने वाली विशेष पीठ मामले को नियमित अंतराल पर सूचीबद्ध कर सकती है। उच्च न्यायालय मामलों के शीघ्र या प्रभावी निपटान के लिए आवश्यक आदेश और निर्देश जारी कर सकता है। शीर्ष अदालत ने यह भी आदेश दिया कि विशेष पीठ अदालत की सहायता के लिए महाधिवक्ता या लोक अभियोजक को बुलाने पर विचार कर सकती है। उच्च न्यायालय को अदालतों को मामले आवंटित करने की जिम्मेदारी वहन करने के लिए प्रधान और जिला सत्र न्यायाधीश की आवश्यकता हो सकती है। पीठ ने कहा, नामित अदालतों को सांसदों, विधायकों के खिलाफ मौत या आजीवन कारावास की सजा वाले आपराधिक मामलों को पहले प्राथमिकता देनी चाहिए।


















# सागर की कांग्रेस प्रत्याशी के विरूद्ध आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज

**सागर, देशबन्धु।** सागर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की इंडियन नेशनल कांग्रेस की उम्मीदवार निधि सुनील जैन के विरूद्ध धार्मिक स्थल परिसर में प्रचार सामग्री संग्रहित कर रखने पर आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज किया गया है। जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में तैनात सागर की एफएसटी टीम ने गत 7 नवबंर को सूचना प्राप्त होने पर धार्मिक स्थान मंगलगिरी परिसर स्थित निलय धर्मशाला के कक्षों से प्रत्याशी के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री को जब्त किया था। फ्लाइंग स्क्वाड मजिस्ट्रेट को उक्त तिथि को रिटर्निंग अधिकारी सागर विधानसभा क्षेत्र से धार्मिक स्थान मंगल गिरी परिसर के धर्मशाला का उपयोग प्रत्याशी द्वारा अपने पक्ष में करने संबंधी प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। जिस पर एफएसटी टीमफ्लाइंग स्क्वाड मजिस्ट्रेट हरचरण सिंह नागर कार्य क्षेत्र थाना मोतीनगर ने मय वीडियोग्राफर थाना प्रभारी मोतीनगर के साथ मौके पर पहुंचकर काफी संख्या में चुनाव चिन्ह से अंकित झंडे, गमछे, पंपलेट, बैनर, पॉकेट बैज, कांग्रेस की किताबें एवं पर्चे विभिन्न कक्षों से प्राप्त किये। कुछ रजिस्टर, जिसमें चुनाव हेतु पैसों का हिसाब किताब लिखा था, जब्त किया गया। पूरी कार्यवाही में 5 साक्षियों की मौजूदगी में पंचनामा बनाकर सामग्री जब्त की गई। संपूर्ण कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। कांग्रेस की प्रत्याशी निधि सुनील जैन द्वारा परोक्ष रूप से किया गया यह कार्य आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है, जिसमें धार्मिक स्थलों का राजनैतिक पार्टी के पक्ष में उपयोग वर्जित है। धार्मिक स्थल पर किया गया उक्त कृत्य कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के आदेश क्र. 7294 दिनांक 8 सितंबर 2023 का भी स्पष्ट उल्लंघन है। साथ ही भारतीय दंड संहिता एवं भारतीय दंड प्रकिया संहिता के विभिन्न प्रावधानों के विपरीत भी है। इस पूरे मामले में प्रतिवेदन एवं उसमें श्री नागर द्वारा की गई रिर्पोट के विवरण के आधार पर प्रकरण की विवेचना के बाद उल्लेखित धाराओं के तहत मोतीनगर थाने में प्रत्याशी निधि सुनील जैन के विरूद्ध अपराध धारा 188 भादसं का अपराध पंजीबृद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## भाजपा की बौखलाहट, धार्मिक भावनाओं का किया अपमान : निधि जैन



इस मामले में कांग्रेस प्रत्याशी निधि जैन, कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, सुनील जैन, अधिवक्ता अंकलेश्वर दुबे, रेखा चौधरी, प्रवक्ता संदीप सबलोक, आशीष ज्योतिषी ने मीडिया से चर्चा की। प्रत्याशी निधि जैन ने कहा कि बीजेपी की यह बौखलाहट है। विधायक एक कार्यक्रम में बर्तन बांटते नजर आए उन पर कारवाई हुई। यह बदले की कारवाई षड्यंत्र पूर्वक कराई जा रही है। प्रशासन ने सत्ता के दवाब में कार्यवाही कर रहा है। मंगलगिरि में मेरे परिचित रुके हुए थे इनमें महिलाएं थी। उनके कमरे बिना महिला पुलिस की उपस्थिति के तुड़वाये है। यह शर्मनाक है। प्रचार सामग्री रखना अपराध नही है। प्रशासन ने जिस तरह से कार्यवाही की इससे धार्मिक भावनाओं का अपमान हुआ है। मेरे या मेरे परिवार का कोई भी सदस्य वह नही था। पूर्व विधायक सुनील जैन ने कहा कि हम लोग इस कार्यवाही के खिलाफ भोपाल में चुनाव आयोग से शिकायत करेंगे। मंदिर ट्रस्ट के लोगो की अनुपस्थिति में कार्यवाही हुई। उन्होंने कहा कि सागर में बीजेपी के नेता, सांसद, विधायक महीनो से यहां रुके है। उनको चेक नही किया गया। अधिवक्ता अंकलेश्वर दुबे का कहना है कि पूरी कार्यवाही दूषित है। इसमें धाराएं बनती नही है। इनलीगल तरीके से दवाब में कार्यवाही हुई। अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने जैन आस्था का केंद्र मंगलगीरी है। बीजेपी के एजेंट बनकर कार्यवाही की गई है। वही पिछले दिनो बीजेपी नेताओं द्वारा तुलसीनगर वार्ड में गांधीवादी नेता स्व. विट्ठलभाई पटेल के परिजन सनी पटेल और अन्य से मारपीट और अभद्रता की गई। वह शर्मनाक है। इनके खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए।

## बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हुआ बाल मेला



**सागर, देशबन्धु।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित बाल मेला का आयोजन 9 नवंबर को किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाकर बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता प्रदर्शित की। इसी के साथ ही सागर शहर के अनेक गणमान्य महानुभावों के द्वारा मेले का लाभ लिया गया। विद्यार्थियों का उत्साह और उमंग देखते ही बना। बाल मेले का उद्देश्य था विद्यार्थियों में खेल के साथ-साथ व्यापार करने की कला को विकसित करना। दिल्ली पब्लिक स्कूल सागर के निदेशक राहुल सराफ, दर्शनी सराफ दिल्ली पब्लिक स्कूल मकरोनिया के निदेशक ऋतुल सराफ और गरिमा सराफ, अर्चित जैन और महक जैन के द्वारा फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया गया। मेले में घुड़सवारी, जंपिंग मिकी माउस आदि का आनंद विद्यार्थियों ने उठाया। मेले में अनेकों प्रकार के व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। बाल मेला के समापन के अवसर पर प्रथम स्थान पर रहे हैं आर्जव जैन, आर्णव जैन, रिशिमा जैन, कार्तिक जैन जिन्हें 1500 का पुरूस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान पर रहे हैं जैनम जैन और आपका समूह जिन्हें 1000 का पुरूस्कार प्रदान किया गया। तृतीय स्थान पर रहे हैं समर्थ रघुवंशी और आपका समूह आपको 500 का पुरूस्कार प्रदान किया गया। सांत्वना पुरूस्कार के अंतर्गत जिस काउंटर पर सबसे ज्यादा भीड़ रही उसके लिए 500 का पुरूस्कार घोषित किया गया, इसी क्रम में स्टॉल नंबर 25 जिसमे अभितेंद्र श्रीवास, शिवम विश्वकर्मा, मुस्कान सोनी, जॉनसन पीपी और सौरभ जैन के लिए 500 का पुरूस्कार प्रदान किया गया। जिस स्टॉल पर सबसे ज्यादा लाभ हुआ उसे 500 का पुरूस्कार घोषित किया गया था। इसी क्रम में सबसे ज्यादा लाभ स्टॉल नंबर 42 केशव जड़िया और आपका समूह आपको 500 का पुरूस्कार प्रदान किया गया। फोटोग्राफी का कार्य निखिल जैन शास्त्री ने किया। कार्यक्रम के समापन पर उपप्राचार्य ने अपने उद्गार व्यक्त किया जिसमें आपने विद्यार्थियों को व्यापार करने की कला को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में सौरभ जैन के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने नगर निगम के स्थाई कर्मी को किया निलंबित

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने नगर निगम सागर के स्थाई कर्मी अखिलेश जैन को राजनैतिक दल विशेष के प्रचार प्रसार में सम्मिलित पाये गये जाने पर निलंबित किया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय नहीं होगा एवं श्री जैन का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय सागर निर्धारित किया गया है। कार्यालय रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र 40 नरयावली द्वारा शिकायतकर्ता रोशन कुर्मी, प्रदेश सह संयोजक विधि प्रकोष्ठ मप्र भाजपा द्वारा अखिलेश जैन स्थाई कर्मी नगर निगम सागर संलग्न विधानसभा क्षेत्र 40 नरयावली के द्वारा किसी प्रत्याशी के पक्ष में सोशल मीडिया पर फेसबुक पोस्ट शेयर कर आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन किये जाने की शिकायत की गई। मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के अन्तर्गत कोई भी शासकीय सेवक किसी विधान मण्डल या स्थानीय प्राधिकरण के निर्वाचन में न तो मत याचना करेगा, न अन्यथा हस्ताक्षेप करेगा, न उसके संबंध में प्रभाव का प्रयोग करेगा और न उसमें भाग लेगा। उक्त कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 एवं मप्र शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के अंतर्गत कदाचार की श्रेणी में आता है।

## जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस के जनरल कोच से 20 लीटर कच्ची जप्त की शराब



**सागर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के मद्देनजर अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत गुरुवार को आरपीएफ बीना को जोधपुर भोपाल एक्सप्रेस से अवैध शराब के परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर आरपीएफ उपनिरीक्षक विजय कुमार द्वारा आबकारी विभाग को सूचित किया गया। तत्पश्चात आबकारी विभाग की टीम मौके पर पहुंची और संयुक्त रूप से ट्रेन के जनरल कोच क्रमांक एनडब्लूआर 114310 में जांच करने पर टॉयलेट के गेट पर एक बोरी में भरी 2 प्लास्टिक की कुप्पी में 20 लीटर कच्ची मदिरा बरामद की। उक्त बरामद मदिरा के आधिपत्य के संबंध में जानकारी ज्ञात नही होने से अज्ञात के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्यवाही के दौरान आबकारी वृत प्रभारी उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, आरक्षक रूप किशोर मिश्रा, हेमंत कुशवाहा, आरपीएफ उपनिरीक्षक विजय कुमार, मुख्य आरक्षक एसपी मिश्रा, आरक्षक प्रमोद गुज्जर उपस्थित रहे।

## वात्सल्य स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** वात्सल्य स्कूल में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें शैलेन्द्र जैन ने रिबन काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से कहा कि आप विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़तें रहिये और बाधाओं से न घबराएं क्योंकि लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने जौहर दिखाये जहां दिव्यांग व्यक्तियों के लिए ब्लाइंड किट तैयार किया गया जिसमें स्मार्ट स्टिक, स्मार्ट जूता, स्मार्ट चश्मा दिखाया गया। दूसरी ओर कोकलियर इंप्लांट जो की सुनने में मददगार है, तो कहीं हाथ के इशारों से चलने वाली कार, चंद्रयान मॉडल, बायोगैस मॉडल, ऑटोमेटिक सिंचाई मॉडल सहित सामाजिक विज्ञान क्षेत्र की हस्तशिल्प कला ने लोगों का मन मोह लिया तो दूसरी ओर आर्ट एंड क्राफ्ट ग्रुप में बच्चों ने अपने हुनर दिखाए। वात्सल्य स्कूल की प्राचार्य अलका श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों की कार्य कुशलता की प्रशंसा की। इस अवसर पर सुधांशु श्रीवास्तव, मैनेजर करन बहादुर श्रीवास्तव, सीनियर स्कूल इंचार्ज किरीट जैन, मिडिल स्कूल इंचार्ज ममतेश शर्मा सहित वात्सल्य शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं का योजदान रहा। कार्यक्रम का संचालन नीलम जैन, मृदुल तिवारी एवं स्नेहा चटर्जी ने किया।

## भाजपा ने सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया है: यश अग्रवाल



**सागर, देशबन्धु।** भाजयुमो द्वारा जिले भर में नव मतदाताओं का सम्मेलन आयोजित कर नये मतदाताओं को भाजपा की नीतियों से अवगत करा रही है। इसी क्रम में सुरखी विधानसभा में भाजयुमो जिला अध्यक्ष यश अग्रवाल ने मतदाता सम्मेलन में नव मतदाताओं को भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सुरखी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत को बहुमत से जीतने का आग्रह नव मतदाताओं से किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री प्रतिनिधि आकाश सिंह राजपूत भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा का मूल कार्य सेवा का रहा है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने कई ऐसी योजनाओं के माध्यम से सभी वर्ग का उत्थान किया है। शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहनों को आर्थिक तौर पर मजबूत करने के लिए लाडली बहना योजना को शुरू किया है। कार्यक्रम के दौरान आकाश सिंह राजपूत ने नव मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुरखी विधानसभा के विधायक और मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सुरखी विधानसभा को स्वर्णिम भविष्य की ओर ले जाने का काम कर रहे हैं। पूरी सुरखी विधानसभा में सड़कों का जाल बिछ गया है। नल जल योजना के माध्यम से पानी घर घर पहुंच रहा है। हमारी माता बहनों को अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। यह सब भाजपा की सरकार में ही संभव हो पाया है। आप सभी पहले और आपकी सुरखी में अंतर साफ देख सकते हैं।

## मिठाई दुकानों एवं मिठाई निर्माण स्थलों का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने दीपावली पर्व के अवसर पर उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दमोह शहर में मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया है। निरीक्षण कार्यवाही में शहर मे पलंदी चौराहा स्थित न्यू हनुमान गढ़ी स्वीट्स से हरे कृष्णा ब्रांड स्वीट्स, श्री हरि ब्रांड बर्फी, राधिका ब्रांड मिक्स केक एवं कुंदा लूज के नमूनें जांच हेतु लिए गए है। उक्त परिसर में संग्रहित लगभग 4.51 क्विंटल हरे कृष्णा ब्रांड स्वीट, श्री हरि बर्फी, राधिका ब्रांड मिक्स केक एवं लूज कुंदा मूल्य 96,630 रुपए को नियमानुसार जब्त किया गया। इन बर्फी एवं स्वीट्स के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान मिठाई एवं खोवा विक्रेताओं को उपभोक्ताओं को शुद्ध एवं सुरक्षित मिठाइयों का विक्रय करने के निर्देश दिए।

## जिसके जीवन में धर्म है, उसका जीवन धन्य है: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** त्रयोदशी बहुत महत्वपूर्ण है इस दिन भगवान महावीर स्वामी ने समोसरण, विभूति आदि आसन का त्याग कर पावापुर के उद्यान में बैठकर, योग निरोध कर शुक्ल ध्यान में बैठ गए, वह त्रयोदशी धन्य हो गई, तो धन्य तेरस ध्यान तेरस कहलाई यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने अंकुर कॉलोनी स्थित श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनिश्री ने कहा हम धन की प्राप्ति में लगाकर इसे धनतेरस कहने लगे। कुछ व्यापारियों ने त्योहार पर्वों का व्यवसायीकरण कर इसे धनतेरस बना दिया। क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर ने कहा कि जैन दर्शन में धन्य तेरस है। जिसके जीवन में धर्म है, उसका जीवन धन्य है। जीवन के अर्थ को समझो बस अर्थ के पीछे मत भागो, अर्थ के पीछे भागते रहने से जीवन व्यर्थ हो जाएगा, बर्तन सोना चांदी गाड़ी खरीद कर परिग्रह संपदा बढ़ा रहे हैं, यह सब यहीं छूट जाएगी, हम मन को समझाते नहीं, मनमानी कर जोड़ रहे हैं। भगवान महावीर स्वामी ने आज छोड़ा, तुम आज जोड़ रहे हो, छोड़ो दान करो, आवश्यकता मे नहीं, आकांक्षा में नहीं। मंदिर कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन में बताया की मुनिश्री सुदत्तसागर का पांचवा मुनि दीक्षा दिवस समारोह भव्यता के साथ आज श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में मनाया जाएगा।

## अवध प्रभाविद्यापीठ के विद्यार्थियों द्वारा मतदान जागरुकता अभियान चलाया



**मालथौन, देशबन्धु।** अवध प्रभाविद्यापीठ के स्केटर्स ने नुक्कड़ नाटक द्वारा मतदान जागरुकता अभियान चलाया जो कि मालथौन क्षेत्र के अंतर्गत बरोदियाकलां, रजवांस, बेसरा, मालथौन एवं खिमलासा की सड़कों व बस स्टेण्ड पर प्रस्तुत किया गया। स्केटर्स ने जनता को जागरुक किया कि मतदान एक बहुमूल्य फर्ज है, जो कि हर 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को करना चाहिए। स्केटर्स के अभिनय को देखकर आस-पास उपस्थित जनता द्वारा इनकी सराहना की गई। विद्यालय के स्केटर्स में कक्षा 8वीं से हर्षिता बघेल, पंकज अहिरवार, पीहू जैन, अवनी गुप्ता, मुस्कान बघेल, उर्वशी दुबे, कक्षा 7 वीं से अतिशय जैन, कृष्णा चौहान, ज्योति तोमर, राशि राजा बुन्देला, संस्कृति रावत, केशव चढ़ार, कक्षा 6वीं से मयंक राठौर, सुबोध बौद्ध, कृतिका परिहार, उन्नति श्रीमाली, आयुष लोधी, पुनीत तिवारी, शुभ विश्वकर्मा एवं कक्षा 5वीं से सृष्टि खरे सन्नी दुबे, शिवांश बघेल, परिधि जैन ने नुक्कड़ नाटक मतदान जागरुकता अभियान में अपना बहुमूल्य योगदान दिया। स्केटर्स के साथ विद्यालय के शिक्षक रागिनी कुशवाहा, अंकुश कुमार सोलंकी, त्रियम्बकेश सारस्वत, डॉ. मनीषा नाहर, अनन्या जैन एवं धर्मेन्द्र सैनी मौजूद रहे।

## 100 प्रतिशत मतदान थीम पर छात्रों ने बनाई मानव श्रृंखला

**सागर, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शास. कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय ने शाहपुर करेगा 100 प्रतिशत मतदान थीम पर 750 छात्राओं ने मानव श्रृंखला आकृति बनाई। इस अवसर पर सभी नगरवासियों को मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य नगर पालिका अधिकारी धनंजय गुमास्ता ने आगामी 17 नवंबर को सभी से मतदान करने आवाहन किया। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य, शिक्षक एवं नगर परिषद शाहपुर से उपयंत्री वीर विक्रम सिंह तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

## दो बदमाश 6 महीने के लिए जिला बदर



**बीना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में शांति और सुरक्षा को देखते हुए कलेक्टर दीपक आर्य ने खुरई के दो गुंडा, बदमाश पर जिला बदर करने की कार्रवाई की है। छह माह के लिए दोनों को जिला बदर किया है, जो सागर जिले से लगे अन्य जिलों में भी नहीं रह सकेंगे। खुरई देहात थाना प्रभारी गौरव तिवारी ने बताया कि सागर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने चलाए जा रहे गुण्डा, निगरानी बदमाशों के विरूद्ध अभियान के तहत इमरान पिता शब्बीर हसन कुरैशी 36 निवासी बरौदिया नौनागिर, शब्बीर हसन पिता सकूर कुरैशी 65 निवासी बरौदिया नौनागिर थाना खुरई ग्रामीण ने साल 2008 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होकर मारपीट, बलवा, गुण्डागर्दी, हत्या, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार रखने जैसे अपराध पंजीबद्ध होकर न्यायालय विचाराधीन है। इसका जिला बदर प्रकरण तैयार कर सागर कलेक्टर को भेजा था। कलेक्टर ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3.5 के तहत कार्रवाई कर 6 माह के लिए जिला बदर की कार्रवाई की है।

## जम्मू कश्मीर में तैनात जवान की शहादत को श्रृद्धांजलि देने पहुंचा जिला प्रशासन

**सागर, देशबन्धु।** सागर के पथरिया लोधी पुरा निवासी महार रेजीमेंट में नायक रोहन पटेल को जिला प्रशासन ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देश पर एसडीएम विजय डेरिया ने शहीद रोहन पटेल के निवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उल्लेखनीय है कि रोहन पटेल विगत 8 वर्षों से देश की सुरक्षा में सेवारत थे। महार रेजीमेंट में नायक श्री पटेल पिछले दिनों कश्मीर में तैनाती के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ कराया गया।

## पुलिसकर्मी ने पेट्रोल डालकर आग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश



**सागर, देशबन्धु।** तीनबत्ती चौराहे पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पुलिस जवान ने खुद पर ऑयल डालकर आग लगाने की कोशिश की। लोगों ने उसे पकड़ा और समझाइश देकर शांत कराया। गुरुवार शाम करीब 7 बजे पुलिसकर्मी राजेश राठौर तीनबत्ती चौराहे पर पहुंचा। उनके पास कुछ आवेदन थे। पुलिसकर्मी ने अचानक चौराहे पर खुद के ऊपर जला हुआ ऑयल डाल लिया। साथ ही माचिस की तीली जलाने लगा। जिसे देख आसपास मौजूद लोग दौड़े और पुलिस जवान को पकड़ा। घटना देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस पहुंची और आरक्षक को अपने साथ ले गई। पुलिस कर्मी ने मामले में नरयावली विधायक प्रदीप लारिया और पुलिस प्रबंधन के अफसरों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिसकर्मी राजेश राठौर ने आवेदन में बताया कि धारा 294, 147, 506 का मामला करीब साढ़े तीन साल के बाद भी न्यायालय में पेश नहीं करने और उचित धाराएं नहीं बढ़ाए जाने से दुखी होकर यह कदम उठाना पड़ा। पहले कार्रवाई की मांग को लेकर कई बार आवेदन दे चुका हूं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। हालही में 3 नवंबर को एसपी कार्यालय में आवेदन दिया था। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन यह कदम उठाना पड़ा।

## सराफा व्यापारी ने चोरी करने आये बदमाशों को पकड़कर किया पुलिस के हवाले



**बीना, देशबन्धु।** महावीर चौक के पास स्थित सराफा व्यापारी को चकमा देकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को व्यापारी ने अपनी सतर्कता से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बीना के महावीर चौक पर स्थित हरि दर्शन ज्वैलर्स के संचालक राजकुमार सोनी दुकान पर बैठे थे। तभी दो युवक दुकान पर आए और कान की सोने की बाली दिखाने के लिए कहा। व्यापारी को उनकी वेशभूषा पर शक हुआ, इसलिए उन्होंने सोने के आभूषण तो दिखाए, लेकिन उन पर नजर रखे हुए थे। इसी दौरान दोनों ने चालाकी दिखाते हुए सोने की बाली उठाकर नकली बाली रख दी, जिसे व्यापारी ने देख लिया। उन्होंने बाली वापस ले ली और दोनों युवक मौका पाते भागने की कोशिश करने लगे, जिसे व्यापारी ने पकड़ लिया। इसके बाद उन्होंने अपने बेटे को बुलाया और बेटे ने पुलिस को सूचना दी। थाने से तत्काल पुलिस बल मौके पर पहुंचा और दोनों को पकड़कर थाने लेकर आये और पुलिस मामले की जांच कर रही है। व्यापारी ने बताया कि दोनों कुछ दिन पहले भी दुकान पर आए थे और तभी ज्वेलरी पर लगे टैग देखकर गए थे, इसके बाद हूबहू टैग बनाकर लाए थे।

## हादसे से को दिया जा रहा खुला आमंत्रण, बीच बाजार में लगाई जा रही पटाखे की दुकाने



**गौरझामर, देशबन्धु।** गौरझामर नगर मे दीपावली पर्व को लेकर पिछले कई वर्षों से पटाखों की दुकानें नगर के बीचो बीच में लगाई जाने लगी हैं प्रशासन की मिलीभगत से दिया जा रहा हादसे को दिया जा रहा आमंत्रण जिम्मेदार अधिकारी मोन साधे है वही लोगो को दिक्कत का सामना करना पडता हैं इस बार ग्रामीणों और लोगो में प्रशासन से मांग की हे करीब पिछले सप्ताह भी पटाखा की दुकाने बाहर लगाए जाने की खबरे अखबारों में सुर्खिया बनी रही लेकिन प्रशासन ने स्थान कोई सुरक्षित व्यवस्था नही लोगो में कहा था कि पटाखा की दुकाने नगर से बाहर लगाई जाये जिससे असुविधा ना हो लोगो ने बताया नगर में पटाखा दुकाने लगाने से प्रसाशन क्या कोई अनहोनी का इंतजार कर रहा है सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले वर्ष थाना परिसर मे गौरझामर मंडल नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक में निर्णाय लिया गया था कि पटाखा की दुकाने गौरझामर उपमंडी में लगाई जाये लेकिन नगर में दुकाने लगाई थी और प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही की गई थी अब देखना दिलचस्प होगा प्रशासन इस पर गौर हर बार इस पर तहसील स्तर के अधिकारियों और पंचायत कर्मचारियों द्वारा कोई ध्यान नही दिया जाता लोगो ने वरिष्ठ अधिकारियों और जिला कलेक्टर से तत्काल इस और ध्यान देखकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

**इनका कहना है-**

आपके माध्यम से जानकारी मिली तत्काल पटाखा दुकानदारों को नोटिस जारी करवाता हूं और दुकाने अगर नगर मे लगाई जाएगी तो उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी

**-चंद्रभान दीवान, नायब तहसीलदार देवरी**

## सार समाचार

### चुनाव ड्यूटी में लापरवाही पर एक शिक्षक निलंबित

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने विधानसभा निर्वाचन 2023 में चुनाव ड्यूटी में लापरवाही करने पर एक कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। माध्यमिक शिक्षक विशाल अस्थाना शा.मा. शाला कुपिया, संकुल शा.उ.मा.वि. सटई की पीठासीन अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाई थी। श्री अस्थाना पीठासीन अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे थे।

विषाल अस्थाना का उक्त कृत्य आदर्श आचरण संहिता में उल्लेखित निर्वाचन विधि (लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 129) के अंतर्गत दण्डनीय है। निलंबन काल में श्री अस्थाना का मुख्यालय विकासखण्ड स्त्रोत समन्वय जनपद षिक्षा केन्द्र राजनगर रहेगा। इन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

### शहरी क्षेत्र में जनसम्पर्क कर बसपा प्रत्याशी ने मांगे वोट


**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर विधानसभा के बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी डीलमणि सिंह बब्बू राजा ने गुरूवार को अपने समर्थकों और बसपा कार्यकर्ताओं के संग छतरपुर के वार्ड नंबर 25, 26, 27 एवं ग्राम रसुईया में जनसंपर्क कर जनता से वोट मांगे। वहीं छतरपुर के वार्ड नंबर 26 में बब्बू राजा के समर्थकों ने उनका तुलादान कर स्वागत किया और समर्थन देने की बात कही ।ब जनसम्पर्क करते हुये बब्बू राजा ने कहा कि यदि आप सभी का आशीर्वाद मिला तो छतरपुर विधानसभा में भ्रष्टाचार और गुंडाराज कहीं दिखाई नहीं देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस की सरकारों ने हम सबके साथ झूठे वादे कर जनता के साथ छलावा किया है, जिसका जवाब 17 नवंबर को छतरपुर विधानसभा की जनता जरूर देगी। बब्बू राजा ने कहा कि इस बार छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है और 17 नवंबर को बसपा के चिन्ह पर वोट देकर जनता छलावा करने वालों को जवाब जरूर देगी। उन्होंने कहा कि हम सबका सम्मान बहुजन समाज पार्टी में ही सुरक्षित है, बहुजन समाज पार्टी को वोट करें।

### फुटेरा के ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार

**बकस्वाहा, देशबन्धु।** जनपद क्षेत्र की नैनागिर पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम फूटेरा के ग्रामीण लंबे समय से सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार पिछले 25 वर्षों से वे सड़क बनवाए जाने की मांग जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन से करते आ रहे हैं लेकिन आज तक सड़क नहीं बनी है। इसी से नाराज ग्रामीणों ने अब आगामी चुनाव का बहिष्कार कर दिया है। ग्रामीणों ने खराब सड़क के ऊपर एक बैनर लगाया है जिसमें लिखा हुआ कि रोड नहीं तो वोट नहीं। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उनकी सड़क नहीं बनेगी वे मतदान नहीं करेंगे। उल्लेखनीय है कि सड़क मार्ग खराब होने के कारण गांव के लोगों तथा स्कूली छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिस कारण से ग्रामीणों में खासी नाराजगी देखने को मिल रही है।

### जमीन विवाद के चलते पति-पत्नी के साथ मारपीट

**छतरपुर, देशबन्धु।** लवकुशनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बगमऊ में दो भाईयों के बीच चल रहा जमीनी विवाद बीते रोज संघर्ष में तब्दील हो गया। दरअसल जब बड़ा भाई अपने हिस्से की जमीन को जोत रहा था तभी उसके छोटे भाई ने पहले गाली-गलौज की और बाद में बड़े भाई तथा उसकी पत्नी को डंडे से पीट दिया। सिर पर डंडा लगने के कारण बड़े भाई के सिर में गंभीर चोट आई है और इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



बगमऊ निवासी रामपाल अहिरवार ने बताया कि उसकी पैत्रिक संपत्ति का बंटवारा हो चुका है लेकिन इसके बाद भी उसका छोटा भाई अरविंद अहिरवार अक्सर विवाद करता रहता है। बीते रोज जब वह अपने हिस्से की जमीन की जुताई करने गया तो अरविंद ने विवाद शुरू कर दिया। जब रामपाल ने अरविंद का विरोध किया तो तैश में आकर अरविंद ने रामपाल और उसकी पत्नी फूला अहिरवार पर डंडे से हमला कर दिया। मारपीट में रामपाल के सिर में गंभीर चोट आई है। लवकुशनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद घायल रामपाल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

छतरपुर में हुआ अखिलेश यादव का रोड शो एवं चुनावी सभा को किया संबोधित कहा-

# भाजपा ने बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को चरम सीमा तक पहुंचाया : यादव

*__छतरपुर, देशबन्धु।__ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने मध्यप्रदेश में अपने 20 साल के कार्यकाल में बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को चरम सीमा तक पहुंचा दिया है। इनके शासनकाल में समाज का हर वर्ष परेशान है। किसान खाद और बीज के लिए सड़कों पर पुलिस की लाठियां खा रहा है उन्हें समय पर खाद और बीज नहीं दिया जा रहा है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेकने के लिए समाजवादी पार्टी पूरी दम के साथ चुनाव मैदान में उतरी है और इस बार भाजपा का सरकार से हटना लगभग तय हो गया है। अखिलेश यादव बुधवार की शाम को बस स्टैंड पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. बेनीप्रसाद चंसौरिया के समर्थन में आमसभा को संबोधित कर रहे थे।*



*उन्होंने बस स्टैंड पर भाजपा द्वारा लगाए गए एक बैनर की ओर उंगली करते हुए लोगों को बताया, जिसमें लिखा हुआ था कि बना भव्य महालोक दरबार', के बारे में बताया कि भाजपा द्वारा महाकाल लोक निर्माण में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है और एक आंधी आने पर न जाने कितनी मूर्तियां गिर गई थीं। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए प्रदेश में तीसरी शक्ति के रूप में समाजवादी ताकत की बात कही है। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की जिंदगी भर विद्यार्थियों को गणित की शिक्षा देने वाले व्याख्याता डॉ. बीपी चंसौरिया ने समाजवादी का झंडा थामकर समाज की सेवा करने का संकल्प लिया है। इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।*

*उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया है कि वे इस माह की 17 तारीख को समाजवादी पार्टी के चुनाव चिन्ह साईकिल के चिन्ह का बटन दबाकर समाजवादी के प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से जिताएं ताकि प्रदेश में फैले तमाम भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के साथ-साथ किसानों की समस्याओं का समाधान किया जा सके।*

*सभा के पूर्व अखिलेश यादव ने प्रत्याशी डॉ. बेनीप्रसाद चंसौरिया के समर्थन में एक रोड शो किया जो सागर रोड स्थित विराज मैरिज गार्डन से शुरू होकर अदालत, छत्रसाल चौक, महल तिराहा, चौक बाजार, फब्बारा चौक होते हुए बस स्टैंड पहुंचा। इस रोड शो में हजारों की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता, उनके समर्थक और आम जनमानस उपस्थित रहा।*

कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में कमलनाथ ने चुनावी सभा को किया संबोधित

# छिंदवाड़ा की तर्ज पर होगा बड़ामलहरा का विकास



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी रामसिया भारती के पक्ष में गुरूवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने आमसभा को संबोधित करते हुए बड़ामलहरा विधानसभा का विकास छिंदवाड़ा की तर्ज पर करने की बात कही। उन्होंने शिवराज सिंह चोहान पर तंज कसते हुए कहा कि वे अब किसी काम के नही हैं, मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार 200 घोटालों की सरकार है। कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने बुंदेलखंड की प्यास बुझाने बुंदेलखंड पैकेज दिया था लेकिन भाजपा सरकार में यह पैकेज भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। यहां के नौजवान बेरोजगार हैं, किसान, महिलाएं, गरीब, हरिजन और पिछड़ा वर्ग के लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही इन सभी वर्गों को ध्यान में रखकर काम किए जाएंगे लेकिन इसके लिए आप सभी को कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर सच्चाई का साथ देना होगा। कमलनाथ के अलावा कार्यक्रम को केंद्रीय पर्यवेक्षक कमलकांत शर्मा, प्रत्याशी रामसिया भारती, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शील देवड़िया, रोशनी यादव, साधना भारती, टिंकू चौहान, नरेंद्र दीक्षित, अंजना चतुर्वेदी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवकी नंदन पांडेय, पूर्व विधायक मुन्ना राजा, हरिकृष्ण द्विवेदी, शफीक मुहम्मद, वीर सिंह परमार, सुशील मोदी, सुनील बन्ना, नाथूराम शर्मा, राजकुमार शर्मा, शिवानी चौरसिया, करुणा शर्मा सहित अन्य कांग्रेसी एवं विधानसभा की जनता मौजूद रही।

जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी ने साधा निशाना

# किसान खाद के लिए परेशान, भाजपा गुमराह करने में जुटी



- **किसानों से की अपील, पांच साल हुई परेशानी का बदला लें**

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर के कांग्रेस विधायक एवं प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया ने गुरूवार को अपने जनसंपर्क के दौरान एक बार फिर भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए वर्तमान में किसानों को हो रही समस्या का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता वोट मांगने तो आ रहे हैं लेकिन जो किसान इन दिनों भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण एक-एक बोरी खाद के लिए परेशान हो रहे हैं उनकी चिंता नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का किसान इस कीमती समय में अपनी फसलों के लिए खाद लेने लाइन में लगा है और उसे खाद नहीं मिल रहा है। इसका जिम्मेदार कौन है? उन्होंने आरोप लगाए हैं कि लगातार पांच वर्षों से यह सरकार किसानों को खाद और बीज के लिए परेशान कर रही है, किसानों को 17 नवंबर को इन परेशानियों का बदला लेना होगा। उन्होंने कहा कि मप्र में कांग्रेस की सरकार बनाएं ताकि किसानों के जीवन में खुशहाली आ सके।

विधायक आलोक चतुर्वेदी ने गुरूवार सुबह 9 बजे से अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत करते हुए रसुईया ठाकुरन, रमनपुरा, राधेनगर, ढड़ारी, ललौनी, कतरवारा, विंध्यपुरम, पलयनपुरवा, जनकपुर, देरी, धौरी और कालापानी में घर-घर जाकर संपर्क किया एवं नुक्कड़ सभाएं भी कीं। इस दौरान आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि मप्र में पिछले 18 वर्षों से भाजपा की सरकार है जिसने आम जनता का जीवन बदहाल कर दिया है। महंगा गैस सिलेण्डर, डीजल, पेट्रोल ने जहां व्यक्ति की आर्थिक स्थिति को मुश्किल में डाल दिया है तो वहीं किसानों को खाद, बीज, बिजली और पानी नहीं मिल पा रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार इन सारी समस्याओं का हल करने के लिए एक ठोस वचन पत्र के साथ आ रही है। कांग्रेस ने हिमाचल, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और राजस्थान जैसे राज्यों में अपने वचन पत्र को लागू कर जनता को राहत पहुंचायी है। मप्र को भी कांग्रेस की जरूरत है। विधायक ने किसानों को हो रही खाद की समस्या का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि जैसे ही 17 तारीख को मतदान होता है वे किसानों को खाद दिलाने के लिए सड़क पर उतरेंगे।

# बसपा के 3 सैकड़ा कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन



- **भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटैरिया ने गमछा पहनाकर दिलाई सदस्यता**

**राजनगर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मतदान से ठीक पहले राजनगर विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी को बड़ा झटका लगा है और बसपा की पकड़ चुनाव से हट गई है। दरअसल गुरूवार को राजनगर विधानसभा के बसपा नेता देवीदीन सूर्यवंशी ने करीब तीन सैकड़ा बसपा कार्यकर्ताओं के साथ बहुजन समाज पार्टी से अपना नाता तोड़ते हुए भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। राजनगर विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अरविंद पटैरिया ने इन सभी कार्यकर्ताओं को भाजपा का गमछा पहनाकर सदस्यता दिलाई और शीर्ष नेतृत्व की ओर से सभी कार्यकर्ताओं का पार्टी में अभिनंदन किया। भाजपा का दामन थामने वाले सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि अब से वे भारतीय जनता पार्टी का झंडा लेकर अरविंद पटैरिया की जीत सुनिश्चित करने के लिए विधानसभा में क्षेत्र में मेहनत करेंगे और भाजपा द्वारा चलाई तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संदेश घर-घर तक पहुंचाएंगे।

बसपा छोड़कर भाजपा में आए कार्यकर्ताओं ने कहा कि चूंकि भाजपा कार्यकता आधारित पार्टी है और यहां प्रत्येक कार्यकर्ता को उचित सम्मान दिया जाता है इसीलिए आज पूरे भारतवर्ष में भाजपा का परचम बुलंद है और आने वाले दिनों में राजनगर विधानसभा में भी भाजपा का परचम लहराएगा।

# लवकुशनगर नगर में 3 घंटे लगा रहा लंबा जाम, पुलिस नहीं दिखी

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** नगर में जाम की समस्या लोगो की बड़ी परेशानी बनी हुई है, आये दिन जाम जैसी स्थिति निर्मित रहती है। नगर में गुरुवार को शाम करीब 4 बजे नवीन बस स्टेण्ड से पुराने बस स्टेण्ड 2 किलोमीटर तक लंबा जाम लगा रहा। सैकड़ो चार पहिया वाहन घण्टो के लिये थम गये।

लवकुशनगर में मुख्य मार्गो चंदला रोड, छतरपुर रोड में जाम की स्थिति आये दिन निर्मित होती है जो लोगो के लिये एक बड़ी परेशानी बनकर रह गई है, दिन में अनेको बार जाम लगता है जिससे लोगो का निकलना मुश्किल हो जाता है।

गुरुवार को चंदला रोड में करीब 2 किलोमीटर तक लंबा जाम घण्टो लगा रहा है। घण्टो जाम को खुलवाने के लिये कोई नही दिखाई दिया, जाम में फसे लोग खासे परेशान होते रहे । दुकानो के आगे सड़क किनारे तक लोग अपनी अपनी दुकाने सजा लेते है जिससे सड़क सकरी हो जाती है । मुख्य मार्गो में दुकानो के सामने रोड में ही दो पहिया, चार पहिया वाहन पार्क कर दिये जाते है जिससे दूसरा वाहन क्रांस नही हो पाता है और जाम की स्थिति निर्मित होती है।

**बस स्टेण्ड में नही रहती पुलिस :** लवकुशनगर में लंबे समय से ट्राफिक पुलिस कर्मी नही है, जो कही न कही जाम लगने का मुख्य कारण है । वाहन चालक कही पर भी अपनी गाडिया पार्क कर देते है, बेतुके ढ़ंग से अपने वाहन रोड में ही खड़े कर देते है जिनको मना करने वाला कोई नही रहता है जिससे और अधिक जाम की स्थिति निर्मित होती है।

# जमीन हड़पने के लिए महिला ने लगाया फर्जी केस

**छतरपुर, देशबन्धु।** राजस्व अनुविभाग नौगांव अंतर्गत आने वाले ग्राम बरट सड़ेरी के रहने वाले एक युवक ने गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर बताया कि गांव के की एक महिला जमीनी विवाद के चलते उसे झूठे मामले में फंसाने का प्रयास कर रही है। महिला ने नौगांव थाने में उसके विरुद्ध हरिजन एक्ट का मामला पंजीबद्ध कराया है, जिसकी जांच की जानी चाहिए।

बरट सड़ेरी के रहने वाले नीरज तिवारी और धनप्रसाद तिवारी ने बताया कि खसरा नंबर 379 की भूमि उसके स्वामित्व की है और पूर्वजों के समय से इस भूमि पर वह खेती करते आ रहे हैं। इतना ही नहीं उक्त भूमि ऑनलाइन भी उनके नाम पर ही दर्ज है, बावजूद इसके गांव की जमना अहिरवार जबरन उसकी भूमि पर कब्जा करने का प्रयास कर रही है। नीरज के मुताबिक जमना अहिरवार को खसरा नंबर 378 का पट्टा शासन द्वारा प्रदान किया गया है लेकिन जमना अहिरवार 378 के साथ-साथ खसरा नंबर 379 की भूमि को भी हड़पना चाहती है और इसीके चलते जमना अहिरवार ने नौगांव थाने में हरिजन एक्ट का झूठा मामला पंजीबद्ध करा दिया है। इसके साथ ही 2 तारीख को नौगांव में सीएम शिवराज के कार्यक्रम के दौरान भी महिला ने हंगामा किया था। एसपी को आवेदन देकर तिवारी परिवार ने मामले की जांच कराने और न्याय दिलाने की मांग की है।



# आज से दीपोत्सव शुरू, 5 दिन दीपावली की रहेगी धूम, धनतेरस को लेकर सजा बाजार



**नौगांव/छतरपुर, देशबन्धु।** हिन्दू धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार दीपोत्सव आज से शुरू हो रहा है पांच दिनों तक दीपावली त्यौहार की धूम रहेगी धनतेरस से लेकर दोज तक दीपावली का त्यौहार मनाया जाता है कहीं कहीं दोज को ही दीवाली कहते है सुख समृद्धि का माने जाने वाला पांच दिनों का दीपोत्सव धनतेरस यानी छोटी दीवाली से शुरू हो जाता है धनतेरस से ही खरीददारी शुरू हो जाती है। दुकानदार कारोबार को लेकर पहले से ही दुकानें सजा लेते है।धनतेरस ओर दीपावली पर्व के लिये बाजार सज के तैयार हुये बाजारों में चहल पहल भी बढ़ गयी है रंग बिरंगी झालर और बल्वो से बाजार शाम के वक्त जगमगाने लगा है। दीपावली पर्व लेकर मिठाई और पकवान की दुकानें सजकर तैयार हो गयी।मिटटी के दीये, मिटटी के बर्तन ओर मिटटी के गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां बाजार में देखने को मिलने लगी है।

दुकानदारों ने धनतेरस को अच्छे कारोबार को लेकर कार मोटर साईकिल के शोरूम से लेकर इलेक्ट्रानिक आइटम ज्वेलरी व फर्नीचर की दुकानों के साथ मोबाइल की दुकानों को सजाकर दुकानदारों ने लगा लिया है। धनतेरस को अधिकांश लोग तांबा, कांसा, पीतल, स्टील के बर्तन अधिकांश खरीदते है। इसके अलावा टीबी फ्रिज वाशिंग मशीन लैपटॉप मोबाइल धनतेरस पर सोने चांदी के ज्वैलरी के अलावा अलमारी ओर विभिन्न प्रकार का फर्नीचर भी खरीदते है। आज से दीपोत्सव का त्यौहार शुरू होगा और पांच दिनों तक यह त्यौहार चलेगा इसी को लेकर बाजार दुल्हन की तरह तैयार हो गया।

### महाराजपुर की लड़ाई निर्णायक मोड़ पर पहुंची

**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जंग अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। यहां भाजपा और समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों के बीच सीधी लड़ाई है। ये दावा है सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी का, जो इन दिनों विधानसभा क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क करते हुए जनता से रूबरू हो रहे हैं। उन्होंने 9 नवंबर को क्षेत्र में दौरा करते हुए आम जनमानस से कहा कि महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के चुनावी संग्राम में कांग्रेस काफी पिछड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक के भ्रष्ट कार्यकाल के कारण जनता को लग रहा है कि इस बार भाजपा के खिलाफ कांग्रेस मैदान में खड़ी नहीं हो पाएगी इसलिए जनता ने समाजवादी पार्टी का मन बना लिया है।

अजय दौलत तिवारी ने कहा कि महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में हुई राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सभा के बाद साईकिल के पक्ष में माहौल बन चुका है।

# भय, भूख, भ्रष्टाचार के अलावा भाजपा ने दिया क्या है : नातीराजा

*__राजनगर, देशबन्धु।__ जैसे जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है, वैसे वैसे प्रत्यासियो का जनसम्पर्क ओर तेजी से बढने लगा हे।लेकिन छतरपुर जिले के राजनगर तहसील का नज़ारा ही कुछ अलग है। यहां जो दृश्य देखने को मिले जिसे देख लगता हे।की वास्तव मे ये जिले का ऐसा क्षेत्र है जहाँ के लोग प्रत्यासी के आने की राह भी तकते है और इनके स्वागत मे फूल माला मिठाईया तिलक सभी का इंतज़ाम पहले से गाँव के मतदाता अपने अपने घरों मे रख लेते हैं। अपने प्रत्याशी के प्रति इतना अपार प्यार केवल राजनगर मे ही देखने को मिला की लगातार चार बरसों से जो प्यार कांग्रेस प्रत्याशी नाती राजा को मिल रहा वो काबिले तारीफ है। यहां तक की क्षेत्र के लोगों का यह तक कहना है कि ये हमारे दिलो मे बसते है, किसी प्रत्याशी के लिए लोगो के ये शब्द निश्चित ही उसकी विजय तिलक की ओर इशारा कर रहे है। अपने रोज के जनसम्पर्क अभियान के क्रम मे आज के दिन कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह नाती राजा राजनगर विधानसभा अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में प्रचार प्रसार के दौरान जानता से रूबर हुए, क्षेत्र की जनता ने गले लगाकर इनका स्वागत किया। अपने क्षेत्र के विकास कार्ये से अपनी अलग पहचान काबीज़ करने वाले नातीराजा को यहां की जनता सिर आँखों पर बिठा लिया। ग्रामीणों से अपने उदवोधन् मे कहा कि कमल नाथ की सरकार आती हे। तो क्षेत्र क्या प्रदेश से भय भूक ओर भ्रस्टाचार की सरकार खतम हो जाएगी। जो सरकार केबल गरीबो को विकास का लॉलीपाप दिखाकर इनकी भावनाओं के साथ खेलती आ रही है।*



*आज भाजपा शासन के लगभग 18 साल हो चुके है लेकिन गरीबो ओर किसानो की दसा मे कोई परिवर्तन देखने को मिला। आज भी इनकि स्थति जस की तस बनी हुई दिखाई देती हे।नाती राजा ने जोर देकर कहा की हम सबको मिलकर इस भय भुक ओर भ्र्स्तार्चा वाली सरकार को उखाड़ फेकना हे।जिनक बातो का समर्थन क्षेत्र के लोगो ने किया ओर उने पुनः जीत का आशीर्वाद दिया। अपने तूफानी दोरा कार्यक्रम में आज राजनगर के क्षेत्र जिनमे लखरावन, कटिया तिलवा, कोटा, मौआपुरवा, तिवारीपुरवा परा सहित कई क्षेत्रों में जनसम्पर्क किया।*

देशबन्धु

सागर, शुक्रवार 10 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## वाकई जल्दी निपटें सांसदों-विधायकों के खिलाफ मामले

सांसदों और विधायकों के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों को तेजी से निपटाने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश भर के हाई कोर्टों को आदेश दिया है कि वे जिला न्यायालयों में ऐसे लम्बित मामलों की नियमित निगरानी करें। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ऐसे मामलों में कोई निश्चित समयावधि सम्बन्धी निर्देश नहीं दिए जा सकते लेकिन उच्च न्यायालय स्वत: संज्ञान लेकर ऐसे मामले दर्ज करें और उनकी मॉनिटरिंग करें। विशेष रूप से उन मामलों को प्राथमिकता दी जाये जिनमें उम्र कैद या फांसी की सजा का प्रावधान हो। पीठ में न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा अन्य सदस्य हैं। बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट ऐसे मामलों पर तेजी से सुनवाई के लिए विशेष बेंच भी बना सकते हैं।

जस्टिस चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमों के निपटारे के लिए सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों को स्वत: संज्ञान लेना होगा। अपने अधिकार क्षेत्र में लंबित मुकदमों की प्रभावी निगरानी और निपटान हेतु कार्यवाही को तेज़ करें। इन प्रकरणों की सुनवाइयों को हाईकोर्टों को वेबसाइटों पर डालने का भी आदेश बेंच द्वारा दिया गया जिससे जनता को पता चलता रहे कि जनप्रतिनिधियों के खिलाफ किस प्रकार के मामले लम्बित हैं और उन पर कोर्ट की सुनवाई में क्या हो रहा है।

मुख्य न्यायाधीश के साथ न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली पीठ के निर्देशानुसार ये विशेष पीठें ज़रूरत पड़ने पर मामलों को नियमित अंतराल पर सूचीबद्ध कर सकती हैं। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ऐसे मामलों के जल्दी और प्रभावी निपटान के लिए आवश्यक आदेश भी जारी कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि विशेष पीठ का नेतृत्व उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश कर सकते हैं। इसमें आगे यह भी कहा गया है कि मौत की सजा या आजीवन कारावास वाले मामलों के बाद पांच साल से अधिक की जेल की सजा वाले मामलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय उन मामलों की भी सूची तैयार करेंगे जिन प्रकरणों पर रोक लगा दी गई है और ऐसे मुकदमों में तेजी लाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर यह आदेश दिया गया जिसमें मांग की गई थी कि देश भर की अदालतें वर्तमान और पूर्व सांसदों-विधायकों के विरूद्ध लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निपटाएं। इसकी सुनवाई के दौरान बताया गया कि पूरे देश में वर्तमान व पूर्व सांसदों और विधायकों के खिलाफ 5175 प्रकरण लम्बित हैं। 2116 (करीब 40 फीसदी) मामले तो 5 साल से अधिक समय से लम्बित हैं। सर्वाधिक 1377 मामले उत्तर प्रदेश में हैं। दूसरे क्रमांक पर बिहार है। यहां 546 प्रकरण हैं। महाराष्ट्र में ऐसे 482 मामले लम्बित हैं।

उल्लेखनीय है कि 2014 में भी एक मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष न्यायालय ने कहा था कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ प्रकरणों का निपटारा आरोप तय होने के एक वर्ष के भीतर निपटा दिया जाना चाहिए। यहां यह भी स्मरणीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब देश का नेतृत्व सम्भाला था, तब उन्होंने भी ऐसा ही कुछ मंतव्य जाहिर किया था जिससे लोकतंत्र और न्यायपूर्ण समाज में आस्था रखने वाले लोगों को यह उम्मीद बंध चली थी कि अब अपने रसूख का इस्तेमाल कर कानूनों की धज्जियां उड़ाने वाले लोग बेखटक संसद के सदनों और विधानसभा-विधान मंडलों में नहीं पहुंच पाएंगे। चूंकि मोदी उस भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व करते हैं जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता की बात करती थी, उसी के बड़ी संख्या में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग जनप्रतिनिधि बनकर इन सदनों में न केवल प्रवेश पा रहे हैं बल्कि बड़े ओहदों पर भी काबिज हो रहे हैं तथा पार्टी में भरपूर सम्मान पा रहे हैं। बहुत से लम्बित मामले ऐसे हैं जिनमें भाजपा के ही जनप्रतिनिधियों की संलिप्तता है। वैसे यह भी सच है कि सिर्फ भाजपा के लोगों के खिलाफ गम्भीर प्रवृत्ति के अपराध जर्ज नहीं हैं बल्कि लगभग सारे ही राजनैतिक दलों का यही हाल है।

कुछ अरसा पहले एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) ने बताया था कि आपराधिक रेकार्ड के लोग हर दल से शर्तिया जीतते हैं। इस कारण वे सभी दलों की पहली पसंद होते हैं। इसीलिये बड़ी संख्या में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोग विधायिकाओं में पहुंचते हैं और अपने पद, प्रभाव तथा पैसों के बल पर अपने खिलाफ जारी जांच व मुकदमों को या तो रुकवा देते हैं या उनकी गति को धीमा करवा देते हैं। इन प्रकरणों के बावजूद वे चुनाव लड़ते हैं, जीतते हैं और कार्यकाल पूरा कर लेते हैं।

तमाम निराशाजनक तस्वीर के बावजूद सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला और हाई कोर्टों को दिया निर्देश आशा की किरण के रूप में देखा जा सकता है बशर्ते कि उच्च न्यायालय बगैर दबाव व प्रभाव में आये तथा भारी-भरकम फीस लेकर मामले लड़ने वाले उनके हाई प्रोफाईल वकीलों के दांव-पेंचों से निकलकर वाकई काफी बड़े लोगों के प्रकरणों को शीघ्रताशीघ्र निपटाये और देशवासियों को एक साफ-सुथरी लोकतांत्रिक व्यवस्था देंगे। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों को इसका भी रास्ता निकालना होगा कि वह कैसे सत्ताधारी दलों द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि वाले अपने सांसदों, विधायकों, मंत्रियों आदि के खिलाफ थानों में दर्ज व न्यायालयों में लम्बित मामलों को ही समाप्त कर देते हैं। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने ही 2022 में सभी राज्यों को सांसदों-विधायकों के खिलाफ लम्बित प्रकरणों की सुनवाई के लिये विशेष कोर्ट बनाने के लिये कहा था पर केवल 12 राज्यों ने ही उसका पालन किया है।

# सामाजिक-आर्थिक सर्वे से नीतीश ने भाजपा को पछाड़ा

■ अरुण श्रीवास्तव

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि नरेंद्र मोदी उनकी राजनीतिक कौशल और प्रशासनिक कुशलता की बराबरी नहीं कर सकते। हालांकि मोदी के मध्यम वर्ग के भक्त दावा करते हैं कि उन्हें पूरी समझ है कि अपने प्रतिद्वंद्वी को कब और कैसे पछाड़ना है। मंगलवार को जाति जनगणना के सामाजिक-आर्थिक आंकड़े जारी करने का नीतीश का कदम स्पष्ट संदेश देता है कि उनके पास और भी बहुत कुछ है जिनमें सामाजिक समावेशन के साथ-साथ राजनीतिक समय दोनों के महत्व की गहरी समझ शामिल है।

मोदी द्वारा भारत के लोगों से किये गये सभी वायदे - चाहे वह उनके बैंक खातों में 15 लाख रुपये जमा करने के बारे में हों, या दलितों और गरीबों के आर्थिक दुखों को दूर करने के बारे में हों, या भ्रष्टाचार को पूरी तरह से खत्म करने के बारे में हो- केवल जुमले ही साबित हुए हैं जिन्हें राजनीतिक कूड़ेदान में फेंक दिया गया है। नीतीश ने संचयी आरक्षण को बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया। गौरतलब है कि इस प्रस्ताव पर उसी शाम बिहार कैबिनेट की मुहर लग गई। उन्होंने समाज के गरीबों और वंचित वर्गों की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए भी उपाय शुरू किये।

बिहार में वर्तमान में कुल 60प्रतिशत आरक्षण है- अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अत्यंत पिछड़ी जाति (ईबीसी) और अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) के लिए 50 प्रतिशत; और सामान्य श्रेणी में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए अतिरिक्त 10प्रतिशत। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने 1990 के बाद से अपने विभिन्न निर्णयों के माध्यम से सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आरक्षण पर 50प्रतिशत की सीमा लगा दी है, लेकिन नीतीश अपनी योजना पर आगे बढ़ेंगे।

7 नवंबर को, महागठबंधन सरकार ने जाति सर्वेक्षण की सामाजिक-आर्थिक रिपोर्ट को बिहार विधानसभा के पटल पर रखने का निर्णय लिया, क्योंकि भाजपा ने अपने मीडिया मित्रों के समर्थन से एक सार्वजनिक कथा बनाने की कोशिश की कि सर्वेक्षण फर्जी था और राज्य सरकार ने भाजपा को बदनाम करने के लिए निष्कर्षों में हेरफेर किया है। मोदी-अनुकूल मीडिया का एक वर्ग तो यहां तक भविष्यवाणी कर चुका था सामाजिक-आर्थिक रपट कभी सामने नहीं आयेगी।

फिर भी, भाजपा पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा फैलाये गये बहुत से झूठ के खिलाफ, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रिपोर्ट जारी करने में कामयाब रहे, जिसने अनिवार्य रूप से भाजपा द्वारा ऊंची जातियों के एकमात्र शुभचिंतक होने की बनाई गई नकली कहानी को तोड़ दिया। आंकड़े निस्संदेह बिहार से संबंधित हैं, लेकिन तथ्य पूरे देश के लिए व्यापक आधार प्रदान करते हैं।

वास्तव में रिपोर्ट ने इस मिथक की सत्यता को उजागर किया कि ऊंची जातियां समृद्ध हैं। सर्वेक्षण में यह तथ्य उजागर हुआ कि चार उच्च जातियों भूमिहार, ब्राह्मण, राजपूत और कायस्थ के लगभग 30प्रतिशत लोग गरीब हैं और गरीबी के साये में रहते हैं।

बेशक, शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को उम्मीद थी कि बिहार सरकार जाति के अनुसार भूमि जोत की प्रकृति पर भी रिपोर्ट जारी करेगी और यह सामने लायेगी कि किस जाति के पास सबसे अधिक एकड़ जमीन है। लेकिन सरकार ने मौजूदा रिपोर्ट में इसे जारी नहीं किया। हालांकि, गरीबी की प्रकृति और उच्च जाति के गरीबों का प्रतिशत, एक झलक प्रदान करता है कि भूमि का एक बड़ा हिस्सा उच्च जाति के जमींदारों के एक छोटे से वर्ग के स्वामित्व में है। राज्य में भूमि सुधार लाने के कई कदम जमींदारों की पकड़ को तोड़ने में बुरी तरह विफल रहे हैं और यह लगभग 40प्रतिशत आबादी के लगातार कंगाल होने का प्राथमिक कारण रहा है।

सामाजिक-आर्थिक स्थिति रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि बिहार में एक तिहाई से अधिक परिवार गरीब हैं और 6,000 रुपये या उससे कम की मासिक आय पर गुजारा कर रहे हैं, जबकि 42 फीसदी एससी-एसटी परिवार इसी आय पर जीवनयापन करते हैं। रिपोर्ट का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह अमित शाह के खोखलेपन और राजनीतिक दिवालियापन को उजागर करता है, जिन्होंने केवल सार्वजनिक रूप से सर्वेक्षण का मजाक उड़ाया और बिहार के सीएम पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया।

शाह के इनकार और नीतीश पर दोषारोपण के मजबूत राजनीतिक निहितार्थ हैं। यह रिपोर्ट, कम से कम राज्य में, थोड़ी भी समृद्धि लाने में मोदी की विफलताओं को उजागर करती है। फिर भी, प्रधानमंत्री यह दावा करते नहीं थकते कि 2014 में उनके सत्ता में आने के बाद ही भारत सही अर्थों में स्वतंत्र हुआ। लोगों की उनसे बहुत उम्मीदें थीं, लेकिन बिहार की जाति-आधारित सामाजिक-आर्थिक स्थिति रिपोर्ट एक मजबूत राजनीतिक संदेश भेजती है कि मोदी अपने समर्थकों और भक्तों का भी कल्याण करने में विफल रहे।

एससी और एसटी के लिए कोटा कुल मिलाकर 17 प्रतिशत है। इसे बढ़ाकर 22 फीसदी किया जाना चाहिए। इसी तरह, ओबीसी के लिए आरक्षण भी मौजूदा 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत किया जाना चाहिए। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, अत्यंत पिछड़ा वर्ग उप-समूह सहित ओबीसी, राज्य की कुल आबादी का 63प्रतिशत है, जबकि एससी और एसटी कुल मिलाकर 21 प्रतिशत से थोड़ा अधिक हैं।

नीतीश की घोषणा कि उनकी सरकार 94 लाख गरीब परिवारों में से प्रत्येक को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी ताकि वे आर्थिक रूप से कुछ उत्पादक कार्य कर सकें, जो मोदी के लिए 'रेवड़ी' (मुफ्त उपहार) से कुछ अधिक नहीं लग सकता है। लेकिन तथ्य यह है कि इससे लाखों असहाय परिवारों की क्रय शक्ति को बढ़ावा मिलेगा। नीतीश की चतुराई से मोदी के लिए और अधिक समस्याएं पैदा होने की संभावना है क्योंकि अन्य राज्य भी कोटा में वृद्धि की मांग के साथ सामने आ रहे हैं, जैसे कि ओडिशा जिसने इस मुद्दे को उठाया था।

बिहार जाति सर्वेक्षण के निष्कर्षों और इसके सामाजिक-आर्थिक, भूमि स्वामित्व और अन्य परिणामों में 2024 में वोट जीतने के लिए हिंदू एकीकरण और ध्रुवीकरण की आरएसएस और भाजपा की राजनीति को गंभीर रूप से छिन्न-भिन्न करने की संचयी क्षमता है। ऐतिहासिक बिहार सर्वेक्षण संभवत: देश विपन्नोंके लिए एक सकारात्मक कार्य योजना के द्वार खोलेगी ताकि हाशिये पर चली गई जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में लाभ मिले, जैसा कि इंडिया ब्लाक ने कहा है, और इस प्रकार यह कदम मतदान करने वाली आबादी के एक बड़े हिस्से को प्रेरित करेगी।

> **बिहार जाति सर्वेक्षण के निष्कर्षों और इसके सामाजिक-आर्थिक, भूमि स्वामित्व और अन्य परिणामों में 2024 में वोट जीतने के लिए हिंदू एकीकरण और ध्रुवीकरण की आरएसएस और भाजपा की राजनीति को गंभीर रूप से छिन्न-भिन्न करने की संचयी क्षमता है। ऐतिहासिक बिहार सर्वेक्षण संभवत: देश विपन्नोंके लिए एक सकारात्मक कार्य योजना के द्वार खोलेगी ताकि हाशिये पर चली गई जातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में लाभ मिले।**

अगर मोदी ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की नीतीश की मांग मान ली होती, तो राज्य अपने गरीबों की बहुत जल्द मदद कर सकता था। आर्थिक रूप से संकटग्रस्त राज्य से गरीबों की वास्तविक मुक्ति के लिए बहुत कुछ करने की उम्मीद नहीं की जा सकती। रिपोर्ट पेश करने के बाद, नीतीश ने दोहराया-'इस अवसर पर, मैं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए अपने अनुरोध को नवीनीकृत करना चाहूंगा।'

नीतीश की मानें तो विपन्नता की चुनौती से निपटने के लिए बिहार को 2.51 लाख करोड़ के फंड की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'हमने अनुमान लगाया है कि गरीबों की स्थिति सुधारने के लिए राज्य को 2.51 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ेगा। सर्वेक्षण में कहा गया है कि बिहार में 94लाख परिवार गरीब हैं, जो 6,000 रुपये या उससे कम की मासिक आय पर जीवित रहते हैं। अगर हमें विशेष दर्जा मिल गया तो हम दो-तीन साल में अपने लक्ष्य हासिल कर लेंगे। अन्यथा, इसमें अधिक समय लग सकता है।'

चूंकि नीतीश के सामाजिक-आर्थिक आख्यान ने आरएसएस और भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति को गंभीर नुकसान पहुंचाया है, इसलिए यह माना जा सकता है कि मोदी राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी कवायद नहीं करेंगे। ऊंची जाति के लोग एक मजबूत सामंती मानसिकता के साथ जीते हैं और यहां तक कि इस वर्ग का एक गरीब व्यक्ति भी खुद को सामंती स्वामी मानता है। संभवत:, ऊंची जातियां भारत को हिंदू राष्ट्र में बदलने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने में आरएसएस और मोदी के लिए एक बड़ी बाधा साबित होंगी। ब्रह्मर्षि समाज (एक भूमिहार संगठन) के कुछ नेताओं ने पहले से ही आरएसएस और मोदी पर उन्हें धोखा देने का आरोप लगाना शुरू कर दिया है।

अचानक भाजपा में ऊंची जातियों को हाशिए पर धकेलने का मुद्दा जोरदार तरीके से सामने आ गया है। अमित शाह ने दलबदलू सम्राट चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करके यह संदेश देने की कोशिश की थी कि वह पार्टी के पुनरुद्धार के लिए ओबीसी पर अधिक भरोसा करते हैं। रिपोर्ट जारी होने के बाद भूमिहारों और राजपूतों ने कहना शुरू कर दिया है कि भाजपा नेतृत्व ने सिर्फ अपने चुनावी फायदे के लिए उनका शोषण किया। बदले में उन्हें वह लाभ नहीं मिला जो मिलना चाहिए था।

सर्वेक्षण रिपोर्ट में 215 विभिन्न सामाजिक समूहों - जैसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और अत्यंत पिछड़ा वर्ग - की आर्थिक स्थिति की विस्तृत जानकारी शामिल है। रिपोर्ट रेखांकित करती है कि बिहार में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 42प्रतिशत, पिछड़े वर्ग के 33प्रतिशत और सामान्य जाति के 25प्रतिशत व्यक्ति गरीबी में जीवन जी रहे हैं।

शिक्षा के संबंध में, सरकार ने कहा कि केवल 7 प्रतिशत आबादी ने स्नातक की डिग्री प्राप्त की है, जबकि 22.67प्रतिशत ने कक्षा -5 तक अपनी शिक्षा पूरी की है। रिपोर्ट से यह भी पता चला है कि 14.33प्रतिशत आबादी ने कक्षा 6 से 8 तक की शिक्षा प्राप्त की है, और 14.71प्रतिशत ने कक्षा 10 तक अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है। इसके अलावा, 9.19प्रतिशत आबादी ने कक्षा 12 तक अपनी शिक्षा पूरी कर ली है।

आरएसएस नेतृत्व इस रिपोर्ट के ओबीसी और दलितों पर पड़ने वाले राजनीतिक प्रभाव को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित है, जो पिछले कुछ समय से भाजपा और आरएसएस से दूर होने के संकेत दे रहे हैं।2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक छह महीने पहले हो रहा यह घटनाक्रम भाजपा की चुनावी संभावना को गंभीर नुकसान पहुंचायेगा। पिछले दस वर्षों के दौरान आरएसएस और विशेषकर मोदी ने आरएसएस की नीतियों का अनुसरण करते हुए हिंदू समुदाय को विभिन्न जातियों में विभाजित कर दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि इसका उनके राजनीतिक भविष्य पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

एक दशक तक चुनावी हाशिए पर रहने के बाद, विपक्षी दल अब भाजपा की हिंदुत्व की राजनीति को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी 'जितनी आबादी, उतना हक' के आकर्षक नारे के साथ बार-बार हाशिए पर रहने वाले समुदायों को उनकी आबादी के हिस्से के अनुसार उनको उचित अधिकार दिलाने के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व पर जोर देते रहे हैं। दूसरी ओर, आरएसएस और मोदी ने हिंदुओं के बीच एक विविध मतदाता आधार बनाने की कोशिश की है, जिसमें आदिवासियों और दलितों सहित प्रमुख और हाशिए पर रहने वाली दोनों जातियां शामिल हैं।


रिपोर्ट से पता चला है कि सामान्य वर्ग के लगभग 25 प्रतिशत लोग प्रति माह केवल 6,000 रुपये कमाते हैं, जबकि 23प्रतिशत की मासिक आय 6,000 रुपये से 10,000 रुपये है। कम से कम 19प्रतिशत की आय 10,000 रुपये से 20,000 रुपये के बीच है; 20,000 रुपये से 50,000 रुपये के बीच 16प्रतिशत; और 9 प्रतिशत के पास 50,000 रुपये से अधिक की आय है। अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) में, 33प्रतिशत कामकाजी आबादी की मासिक आय 6,000 रुपये है; 6,000 रुपये से 10,000 रुपये के बीच 29प्रतिशत; 10,000 रुपये से 20,000 रुपये के बीच 18प्रतिशत; 20,000 रुपये से 50,000 रुपये के बीच 10प्रतिशत; और उनमें से 4प्रतिशत की आय 50,000 रुपये से अधिक है।

मुस्लिम-यादव राजनीति की अवधारणा को आगे बढ़ाने वाले राज्य में आम मुसलमानों की हालत काफी खस्ता है। मुस्लिम ऊंची जातियों में, जिनमें शेख, पठान और सैय्यद शामिल हैं, शेख जाति के 39,595 लोगों के पास सरकारी नौकरियां हैं जो उनकी वास्तविक आबादी का 0.79प्रतिशत है। जहां तक पठानों का सवाल है, 10,517 लोगों के पास सरकारी नौकरियां हैं जो कुल आबादी का 1.07प्रतिशत है। इस बीच, सैय्यद जाति के कम से कम 7,231 लोगों के पास सरकारी नौकरियां हैं जो उनकी कुल आबादी का 2.42प्रतिशत है।

# विधानसभा चुनाव और ईडी, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों की चर्चा

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर अपने चरम पर है। इस बीच महादेव सट्टा ऐप की चर्चा इन दिनों सुर्खियों पर है। इस सट्टा ऐप ने छत्तीसगढ़ के सियासी घमासान को राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी विमर्श के केन्द्र में खड़ा कर दिया है। इसी सट्टा ऐप के संचालकों में से एक की शादी समारोह में शिरकत को लेकर बॉलीवुड के कई नामी-गिरामी चेहरों तक को ईडी का समन जारी हो चुका है। भाजपा तो खुलकर कांग्रेस पर आरोप लगा रही है कि इसके जाल में प्रदेश कांग्रेस और उसके नेतृत्वकर्ता बुरी तरह फंसी हुई है। इसमें कथित संलिप्तता को लेकर छत्तीसगढ़ में कई लोग गिरफ्तार किये जा चुके हैं, लेकिन अभी तक इसकी हकीकत क्या है? किसी को समझ नहीं आ रहा है।

मगर दिलचस्प यह है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में सट्टा ऐप की चर्चाएं गांव-गांव तक जा पहुंची है। भ्रष्टाचार के कई कथित कई आरोपों के बीच कांग्रेस जिस तरह से भाजपा के साथ मुकाबला कर रही है, यह दिलचस्प है। महादेव सट्टा ऐप के संचालकों द्वारा भूपेश बघेल को कथित तौर पर 508 करोड़ रुपए देने के भुगतान की बात या आरोप में कितना दम है, यह कहना बेहद कठिन है। क्या यह मसला राज्य की चुनावी बिसात की फ़िज़ा बदल सकती है? बड़ा सवाल, जो हजम नहीं हो रहा है कि क्या भूपेश बघेल इतने अपरिपक्व खिलाड़ी हैं जो महादेव सट्टा ऐप संचालकों से सीधे तौर पर पैसा ले सकते हैं? क्या ऐप के संचालक या मालिक इसके पक्के सबूत ईडी को दे सकते हैं? यदि ईडी के पास ठोस सबूत है तो फिर ईडी इसे जांच का विषय क्यों बता रही है? क्या ईडी की जांच से सियासत प्रभावित होगी? क्या ईडी की कार्रवाई छत्तीसगढ़ के आम जनमानस की राजनीतिक सोच में बदलाव ला सकती है? छत्तीसगढ़ के राजनीतिक गलियारों में इन दिनों भारी उठापटक और अफरा-तफरी का माहौल है।



डॉ. लखन चौधरी

> **छत्तीसगढ़ में भाजपा कुछ आश्वस्त दिखती है कि विधानसभा चुनाव में ईडी, रेड, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उसके पक्ष में जरूर सकारात्मक वातावरण बनाकर जनमत को प्रभावित करेंगे। वहीं कांग्रेस और भूपेश बघेल कर्जा माफी, धान खरीदी जैसे खेती-किसानी से जुड़े कामों के दम पर एक बार फिर चुनावी वैतरणी पार करने के फिराक में दिखते हैं।**

इधर केन्द्र सरकार ने ईडी यानि प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर महादेव बेटिंग सट्टा ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया है। सवाल यह भी उठता है कि 28 फीसदी जीएसटी की आड़ में इस तरह के कारोबारों को अनुमति देना कितना उचित है? सरकार इस तरह के कार्यों को अनुमति ही क्यों देती है? इस तरह के धंधों पर प्रतिबंध लगाने में इतनी देरी क्यों की जाती है? इनके संचालक बेखौफ किस तरह दुनिया के दूसरे देशों से कारोबार चलाते हैं? और सरकारें इनका बाल भी बांका क्यों नहीं कर पाते हैं? इनके संचालकों को सरकार गिरफ्तार करके तत्काल भारत क्यों नहीं लाती है?

इस सट्टा ऐप के कुछेक संचालकों की भाजपा नेताओं के साथ साठगांठ की भी खबरें हैं। कई जानकारों का कहना है कि इससे भाजपा को फायदा के बजाय नुकसान भी हो सकता है, क्योंकि भूपेश बघेल ने इसे अपनी छवि खराब के मुद्दे से जोड़कर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। हिन्दुत्ववादी संगठनों से जुड़े कई लोगों का मानना है कि उनके आराध्य महादेव से जोड़कर जिस तरह से गोरखधंधे का खेल चल रहा है, इसके बावजूद केन्द्र सरकार इनके संचालकों पर कार्रवाई करने में विलंब क्यों कर रही है? भाजपा सहित बहुत से सियासी जानकारों का मत है कि पिछली बार इसी तरह भूपेश बघेल को घेरने के लिए सीडी कांड जैसे मुद्दे को तूल दिया गया था, लेकिन उसका हश्र क्या हुआ? कहीं इस बार भी मामला उल्टा न पड़ जाए? लिहाजा राज्य के नेता इस मसले पर कम ही बोलते दिखते हैं।

छत्तीसगढ़ में भाजपा कुछ आश्वस्त दिखती है कि विधानसभा चुनाव में ईडी, रेड, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे उसके पक्ष में जरूर सकारात्मक वातावरण बनाकर जनमत को प्रभावित करेंगे। वहीं कांग्रेस और भूपेश बघेल कर्जा माफी, धान खरीदी जैसे खेती-किसानी से जुड़े कामों के दम पर एक बार फिर चुनावी वैतरणी पार करने के फिराक में दिखते हैं। बहरहाल, यह देखना बेहद दिलचस्प हो सकता है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में राज्य के मतदाता किस पर भरोसा करते हैं? या किसकी गारंटी पर अपना मोहर लगाते हैं? लेकिन यह तय है कि ईडी, सट्टा, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों की बड़ी भूमिका होने के आसार कम ही लगते एवं दिखते हैं। कहा जाए कि छत्तीसगढ़ में इन मुद्दों पर भाजपा यानी विपक्ष द्वारा चुनाव लड़ा जरूर जा रहा है, लेकिन विधानसभा चुनाव में इनकी बड़ी निर्णायक भूमिका रहेगी, जिससे सत्ता और सियासत पलट सकती है; फिलहाल ऐसा लगता नहीं है।

## पावन प्रसंग

# धन्वन्तरि देवताओं के चिकित्सक

महाभारत आदि पुराणों के अनुसार कार्तिक वदी 13 के दिन धन्वतरि प्रकट हुए इसलिए यह धन-तेरस धन्वन्तरि के जन्मदिन के रूप में मनाई जाती है। धन्वन्तरि के हाथ में अमृत कलश यह सूचित करता है कि संसार रोग के विषाणुओं का नाश करने के लिए उसने औषधि रूप अमृत प्रदान किया। समस्त संसार को आधि-व्याधि, रोग आदि से मुक्त करके मानव को सुखी और स्वस्थ बनाना ही धन्वन्तरि का लक्ष्य है। भगवान ने प्रसन्न होकर जब धन्वन्तरि से कहा-तुम जो चाहो सो वर मांगो। तो उसने भगवान से एक ही प्रार्थना की प्रभो, न तो मुझे राज्य न स्वर्ग और न मुझे मोक्ष की भी कामना नहीं है। मेरी एक ही हार्दिक इच्छा है कि संसार के दु:खी, रोगी और पीड़ितजनों की पीड़ा दूर करूं। रामायण में प्रसंग है कि जब रणभूमि में लक्ष्मण जी शक्ति-प्रहार से मूर्छित हो जाते हैं तब हनुमान जी सुषेण वैद्य को लंका से उठाकर लाते हैं और उससे प्रार्थना करते हैं-हे वैद्यराज, वीर लक्ष्मण की पीड़ा दूर करो, इनकी चिकित्सा करो। सुषेण वैद्य कहता है- तुमने मुझ पर विश्वास कैसे किया? मैं शत्रु पक्ष का वैद्य हूं। मैं तुम्हारे रोगी का अहित भी कर सकता हूं। तब रामचन्द्र जी कहते हैं-वैद्य का कोई शत्रु-मित्र नहीं होता, वैद्य का एक ही धर्म है, रोगी की पीड़ा दूर करना। रोगी और वैद्य के बीच सिर्फ एक ही रिश्ता है-विश्वास का विश्वास के भरोसे रोगी वैद्यराज के हाथ में अपनी जीवन डोर सौंप देता है और वैद्य पूरे मनोयोग से उसकी जीवन-रक्षा करने का प्रयास करता है।

जैन आगम उपासकदशांगसूत्र- मैं भगवान महावीर का एक विशेषण आता है महाभिषग्वर -महावैद्य। वैद्य प्राणियों के शरीर के रोगों की चिकित्सा कर उन्हें शान्ति पहुंचाता है, भगवान प्राणियों के आध्यात्मिक, मानसिक रोगों की चिकित्सा करते हैं, उनके जन्म-मरण, जरा-शोक की व्याधि दूर करने वाले महावैद्य हैं। वैद्य शब्द का अर्थ ही हैं जो दूसरों की वेदना-पीड़ा को जानता हो, वह है वैद्य। दूसरों की पीड़ा नहीं समझने वाला अथवा दूसरों के दु:ख-दर्द में भी जिसका दिल नहीं पसीजता हो, वह वैद्यराज नहीं। दूसरों की पीड़ा से बेपरवाह धन का लोभी वैद्य या डॉक्टर वैद्य नहीं, यमदूत होता है।

वास्तव में वैद्य का आदर्श बहुत ऊंचा गुरु के समान माना गया है। क्योंकि उसके हाथ में मनुष्यों के प्राणों की रक्षा होती है। स्वार्थ, लोभ, पक्षपात, आलस्य और लापरवाही ये पांच महादोष हैं। जिस वैद्य में ये दोष होते हैं वह वैद्य आदर्श धर्म का पालन नहीं कर सकता। धन-तेरस धन्वन्तरि का जन्म-दिन हमें इस आदर्श की प्रेरणा देता है कि संसार में आये हो तो प्रेम का, सेवा का अमृत बांटो, दूसरों के दु:ख-दर्द - पीड़ा दूर करो। दूसरों की सेवा करना ही तुम्हारा धर्म है। सब जीवों की सुख-शान्ति चाहना ही तुम्हारी अर्न्तइच्छा हो। इन आदर्शों पर चिन्तन करो और अपने जीवन को इन आदर्शों पर चलाने का संकल्प करो-यह आज धन तेरस की प्रेरणा है।

धनतेरस का अर्थ-धन की वर्षा से नहीं है। लोग आज के दिन चांदी, तांबे, स्टील के बर्तन खरीदकर धन तेरस मनाते हैं, किन्तु असली धन-तेरस है-दु:खियों के दु:ख-दर्द दूर करने का संकल्प लेना। संस्कृत में इसका अर्थ होता है-धन + ते + रस: तुम्हारा रस यानी प्राण, मनोभाव धन्य हो जाये, दूसरों की सेवा करके तुम्हारा जीवन-रस कृतार्थ हो जाये तो समझो आज धन-तेरस हो गई। यदि आज के दिन आपने एक भी दु:खी प्राणी का दु:ख-दर्द मिटा दिया। किसी अस्पताल में जाकर रोगियों की सार-संभाल ले ली, उन्हें सान्त्वना दी और उनको कुछ सुख-शान्ति पहुंचाई तो समझ लो आपकी धन तेरस वास्तव में धन्य तेरस हो गई।

दीपावली के पंचपर्वों की आदि में पहला धन तेरस का पर्व आपको जीवन में परहित एवं परोपकार की प्रेरणा देता है।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

# डिजिटल शिक्षा से नौनिहालों का भविष्य

भारत में विभिन्न विभागों में डिजिटलाइजेशन शुभ संकेत की तरह दिखाई दे रहे हैं। विशेष तौर पर शिक्षा जगत तथा बालक बालिकाओं के की डिजिटलाइजेशन एक वरदान की तरह होगा। कंप्यूटर तथा इंटरनेट के युग में आने वाले बच्चों की पीढ़ी को इसमें पारंगत होना अत्यंत आवश्यक है। वैश्विक स्तर पर भी बच्चों को प्रतिस्पर्धा हेतु इस विधा में विशेषज्ञता प्राप्त करनी होगी, तब जाकर हम रोजगार मूलक हो पाएंगे। वर्तमान में पिछले दो वर्षों से सबसे ज्यादा कोविड-19 के संक्रमण ने जीवन मृत्यु के बाद जिस क्षेत्र का सबसे ज्यादा नुकसान किया है वो शिक्षा जगत के क्षेत्र का ही है। तीन वर्षों से स्कूल कॉलेज लगातार बंद और खुलते आ रहे थे। मूल शिक्षा खासकर बच्चों के लिए समय बेकार ना जाए इसीलिए ऑनलाइन शिक्षा का प्रावधान देश में किया गया। ऑनलाइन शिक्षा कंप्यूटर आधारित नेटवर्क से संलग्न होती है। इसके अंतर्गत विद्यार्थी तथा शिक्षक वीडियो के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े होते हैं तथा लगातार लाभान्वित भी होते हैं। इसमें शिक्षक आभासी तौर पर उपस्थित होते हैं एवं आभासी स्तर पर ही शिक्षा प्रदान की जाती है। आज ऑनलाइन शिक्षा लाइव वीडियो क्लासेस, रिकॉर्डिंग वीडियो क्लासेस, लाइव ऑनलाइन शिक्षा, ऑनलाइन टेस्ट और घर पर पी,डी,एफ आधारित ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की जा रही है। ऑनलाइन शिक्षा में अनेक लाभ के साथ हानियों का भी समावेश है। ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से कक्षाओं का शिक्षण अधिक रोचक कथा संवादात्मक बनाया जा रहा है, जिससे बच्चे इस पर अधिक से अधिक ध्यान दे रहे हैं। इसके अलावा ऑनलाइन शिक्षक कोई भी कहीं भी कभी भी प्राप्त कर सकते हैं। उदाहरण के लिए यात्रा के दौरान या किसी कारणवश अवकाश लेने पर छूटे हुए विषयों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन शिक्षा पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी है, करोना संक्रमण की दृष्टि से लाभकारी है, और आर्थिक रूप से भी आवागमन के खर्चे से बचत के रूप में देखा जा रहा है। ऑनलाइन विद्यार्थी स्वयं शिक्षा के स्तर को समझेंगे और यह भी समझेंगे कि उन्हें क्या पसंद है और किस क्षेत्र में उन्हें आगे जाकर शोध करना है या बड़ी डिग्री हासिल करना है। इससे ज्ञान की विविधता भी प्राप्त होती है। समय की बचत के साथ इसमें आर्थिक लाभ भी होता है। तीव्रता और गहनता की दृष्टि से ऑनलाइन शिक्षा काफी महत्वपूर्ण तथा प्रभाव कारी है। ऑनलाइन शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक सूचनाएं एवं डाटा संग्रहण तीव्रता से होता है तथा सृजनशीलता की विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय विद्यालय और शिक्षकों की उपलब्धता भी छात्रों की मदद के लिए सदैव रहती है। दूसरी तरफ ऑनलाइन शिक्षा से कई समस्याएं भी जुड़ी होती हैं। ऑनलाइन शिक्षा नेटवर्क कंप्यूटर पर आधारित होती है इसके लिए कई उपकरणों की जरूरत होती है जो काफी आर्थिक रूप से महंगे होते हैं। भारत जैसे देश में ऑनलाइन शिक्षा सबके लिए संभव नहीं है। विशाल जनसंख्या वाले देश में हर जगह कंप्यूटर नेटवर्क और मोबाइल की उपलब्धता इतनी आसान नहीं है, जितनी कि योजना बनाते समय कल्पना की गई थी। बच्चों की रचनात्मक क्षमता का भी इसमें नुकसान होता है क्योंकि पाठ्यक्रम से संबंधित सारी जानकारियां किताबों में ना खोजकर इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त कर लेते हैं। उनमें जिज्ञासा का अभाव पैदा होने लगता है एवं रचनात्मकता भी खत्म होती है। ऑनलाइन शिक्षा में छोटे बच्चों को शारीरिक व्यायाम एवं शारीरिक कसरत का अभाव पैदा होने लगता है, छोटे बच्चों को खेलकूद वाली शिक्षा उनकी शारीरिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर दी जाती है पर ऑनलाइन शिक्षा में ऐसा संभव नहीं है। भारतीय तथा विदेशी मनोवैज्ञानिकों के अनुसार ऑनलाइन शिक्षा अत्यंत तनावपूर्ण होती है। एक रिसर्च के अनुसार 15 मिनट के ऑनलाइन अध्ययन के बाद छात्रों की नोट्स लेने में रुचि खत्म हो जाती है एवं व मनोरंजन साइड की तरफ झुकने लगते हैं। ऑनलाइन शिक्षा से बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है सबसे ज्यादा आंखों पर असर पड़ने लगता है बहुत जल्दी ही बच्चों को आंखों में चश्मे और लेंस लगने लगते हैं।

**संजीव ठाकुर**

## पीले चावल देकर मतदान के लिय किया आमंत्रित

### नपा कर्मचारियों ने निकाली जागरूकता रैली




**रहली, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने व लोगो को जागरूक करने के लिय नगर पालिका द्वारा गुरुवार को जन जागरूकता रैली निकाली जिसमे अधिकारी कर्मचारियों द्वारा नगर के गली चौराहों पर लोगो को सगुन के पीले चावल देकर आगामी 17 नवंबर को चूल से लोकतंत्र के महोत्सव में शामिल होकर मतदान करने के लिय आमंत्रित किया। प्रभारी सीएमओ बालकिशन पटेल ने बताया की नपा द्वारा स्वीप प्लान के अंतर्गत नगर में वृहद दीवाल लेखन, चौराहों पर बैनर पोस्टर लगाए गए है, साथ की विभिन्न जन जाग्रति कार्यक्रमों से लोगो को जागरूक कर रहे है। रेली के दौरान उपयंत्री शिवराम साहू, दिलीप शुक्ला, एसके चौबे, भरत पांडे, महेश ठाकुर, रामगोपाल प्रजापति सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पुलिस प्रेक्षक प्रकाश डी ने अति संवेदनशील मतदान केंद्र का किया भ्रमण

**सागर, देशबन्धु।** भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव को निर्विघ्न संपन्न करवाने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में पुलिस प्रेक्षक प्रकाश डी द्वारा स्थानीय पुलिस बल के साथ थाना जैसीनगर के अति संवेदनशील मतदान केंद्र जमुनिया का भ्रमण किया गया। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ मुलाकात एवं चर्चा की। चुनाव को भय मुक्त एवं निष्पक्ष कराने के लिए लोगों से सहयोग मांगा तथा यह भी बताया गया है कि पर्याप्त पुलिस बल चुनाव हेतु उपलब्ध है इसलिए सभी लोग बिना किसी डर के अपने मताधिकार का प्रयोग करें।



# गर्मी में होती है पानी की किल्लत, बण्डा तिराहा पर तीन माह से घंटो बहता है रोड पर पानी

**बण्डा, देशबन्धु।** गर्मी के मौसम में नगर में जल आपूर्ति सुचारू रूप से चलाने के लिए नगर परिषद बड़े जतन करता दिखाई देता है। नदी पर किसानो की मोटर जब्त करता दिखाई देता है। जबकि अभी नगर परिषद द्वारा पानी को खूब बर्बाद किया जा रहा है।

नगर में कई जगह नल के ऐसे केंद्र है जहां नल सप्लाई होते ही पानी लगातार बहता रहता है। नगर के बरायठा तिराहा पर जल सप्लाई के लिए चाबी के दो केंद्र बनाए गए हैं। जिनसे सप्ताह में चार से पांच दिन रोड पर लगातार पानी बहता रहता है वहीं से नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारी निकलते रहते है लेकिन उन्हें रोड पर बहता पानी दिखाई नहीं देता है। जबकि करीब तीन महीने से ज्यादा समय हो गया है। वहीं यहीं नगर परिषद पानी बचाने के लिए दीवालो पर स्लोगन लिखवाते हैं।

ऐसा नहीं है इस संबंध में वार्ड वासियों ने नगर परिषद को अवगत कराया नहीं है। कई बार मौखिक रूप से रोड पर पानी बहने और गंदगी फैलने के संबंध में अवगत कराया गया था लेकिन झूठा दिलासा के अलावा कुछ नहीं किया गया। वार्ड नौ और दस में खुले में सुअर घूमते दिखाई देते हैं। स्वच्छता पर दीवाल लेखन और नुक्कड़ नाटक करा कर लाखो रुपए खर्च करने नगर परिषद के अमला को स्वयं ही ये स्लोगन पढ़ने और नुक्कड़ नाटक देखने की आवश्यकता है। तभी ये जागरूक हो सकेंगे और नगर स्वच्छ हो सकेगा। इस संबंध में जब सीएमओ से बात की तो उनको पता ही नही था की करीब तीन माह से रोड पर पानी बह रहा है।

**इनका कहना है–**

हमे आपके माध्यम से पता चला है। हम इसको दिखवा कर ठीक कराते हैं।

**–पीडी पाठक, सीएमओ नगर परिषद बंडा**

## विभिन्न स्थानों संस्थाओं में आयोजित किये जागरूकता कार्यक्रम

**सागर, देशबन्धु।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय में गुरुवार को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। जिला न्यायाधीश व विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष भट्ट द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण गतिविधियों की जानकारी दी गई। न्यायिक मजिस्ट्रेट ऐश्वर्या जैन द्वारा भारतीय संविधान में प्रावधानित मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों से अवगत कराया गया। शिविर में विद्यालय के सचिव व्यवस्थापक वीरेन्द्र जैन, प्राचार्य एवं विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। इसी अवसर पर केंद्रीय जेल सागर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उपरोक्त शिविर में जिला न्यायाधीश आलोक मिश्रा एवं चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउंसिल राजेश बिदौलिया एवं अन्य लीगल एड डिफेंस काउंसिल्स द्वारा उपस्थित बंदीगण को उनकी विधिक अधिकारों से अवगत कराया।

## सातवें वेतनमान की द्वितीय किस्त एवं वेतन निर्धारण की ऐवज में रिश्वत लेने वाले आरोपी को 4 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** सातवें वेतनमान की द्वितीय किस्त एवं वेतन निर्धारण करने के ऐवज में रिश्वत लेने वाले आरोपी गोविन्द कोरी को विशेष न्यायाधीश, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, सागर मप्र आलोक मिश्रा की अदालत ने दोषी करार देते हुये भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा.7 के अंतर्गत 4 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दस हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया। मामले की पैरवी प्रभारी उपसंचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद कुर्मी ने की। घटना इस प्रकार है कि 17 दिसम्बर 2019 को आवेदक विजयशंकर पाठक ने कार्यालय पुलिस अधीक्षक, वि.पु.स्था., लोकायुक्त सागर को सम्बोधित करते हुये एक हस्तलिखित शिकायत आवेदन इस आशय का दिया कि उसके सातवें वेतनमान की द्वितीय किश्त के आहरण, वेतन निर्धारण उपरांत सेवा पुस्तिका वापस करने के ऐवज में अभियुक्त गोविंद कोरी द्वारा 6,000 रुपए रिश्वत राशि की मांग की जा रही है, वह रिश्वत नहीं देना चाहता, बल्कि अभियुक्त को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता है। उक्त आवेदन पर अग्रिम कार्यवाही हेतु निरीक्षक बीएम द्विवेदी को अधिकृत किया गया। आवेदन में वर्णित तथ्यों के सत्यापन हेतु एक डिजीटल वॉयस रिकॉर्डर दिया गया इसके संचालन का तरीका बताया गया, अभियुक्त से रिश्वत मांग वार्ता रिकॉर्ड करने हेतु निर्देशित किया तत्पश्चात् आवेदक द्वारा मॉग वार्ता रिकार्ड की गई एवं अन्य तकनीकि कार्यवाहियां की गई एवं ट्रेप कार्यवाही आयोजित की गई।

नियत दिनांक को आवेदक द्वारा अभियुक्त को राशि दी गई व आवेदक का इशारा मिलने पर ट्रेपदल ने मौके पर पहुंचकर अभियुक्त गोविंद कोरी को घेरे में लिया, परिचय आदान प्रदान के बाद अभियुक्त ने पूछने पर आवेदक से रिश्वत राशि लेकर अपनी फुलपेंट की बायीं जेब में रख लेना बताया, मौके पर लिखी–पढ़ी की व्यवस्था न होने मौके पर अभियुक्त को शासकीय वाहन से पुलिस थाना ले जाकर अग्रिम कार्यवाही की गई। उक्त आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

### कार से गांजे की तस्करी करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदण्ड

**सागर, देशबन्धु।** कार से गांजे की तस्करी करने वाले आरोपी कल्याण चक्रवर्ती को न्यायालय विशेष न्यायाधीश अंतर्गत धारा 36 (1) स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 जिला सागर अब्दुल्लाह अहमद की न्यायालय ने दोषी करार देते हुये स्वापक औषधि एवं मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 की धारा.8 सहपठित धारा. 20(इ)(पप)(ब) के तहत 10 वर्ष कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। दो अन्य आरोपी फरार है। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक संजय कुमार पटैल ने की। घटना इस प्रकार है कि थाना गोपालगंज को 20 फरवरी 20 को करीब 1 बजे मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि राजघाट रोड मैनपानी के रास्ते एक मारूति सुजुकी बैगन आर कार में कुछ व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ विक्रय हेतु ले जा रहे हैं, जिसकी सूचना सान्हा में दर्ज की गई। सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को भेजने के पश्चात् हमराह स्टाफ सहित विवेचना किट लेकर मुखबिर के बताए स्थान आरटीओ तिराहा पहुंचे, जहां पर बिना नंबर की एक बैगानार कार खड़ी थी। कार में बैठे संदेहियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपने नाम भरत प्रजापति, कल्याण चक्रवर्ती एवं मुकेश कुमार माग्रे बताया जिन्हें मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया। आरोपीगण के आधिपत्य की कार की तलाशी ली गई जिनमें बीच में तथा पीछे तरफ तीन प्लास्टिक की सफेद बोरियां भरी मिली जिन्हें खोलकर देखने पर उनमें हरेरंग का मठमैला पत्तीदार पदार्थ पाया गया जिसे सूंघकर, रगड़कर एवं जलाकर देखने पर वह मादक पदार्थ गांजा होना पाया। आरोपीगण के आधिपत्य से जप्त मादक पदार्थ को तौल करने पर एक बोरी से 15 किलो, दूसरी बोरी से 15 किलो एवं तीसरी बोरी से 9 किलो 200 ग्राम कुल वजन 39 किलो 200 ग्राम होना पाया। आरोपी का कृत्य धारा. 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत पाये जाने से उसे गिरफ्तार किया गया। थाना गोपालगंज मे प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया।

# त्यौहारों के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने बाजार में वाहन वर्जित

**सागर, देशबन्धु।** धनतेरस एवं दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुये 10 एवं 11 नवबंर को सागर नगर कटरा क्षेत्र में प्रात: 8 बजे से रात्रि 12 बजे तक आमजन को इस अवधि में सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु सभी तीन पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहनों का कटरा क्षेत्र में प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये 12 नवबंर को आवश्यकता पड़ने पर सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक सभी तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों का कटरा क्षेत्र में प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित किया जा सकता है, संभावित भीड़ को देखते हुये वाहनों के प्रवेश के प्रतिबंध को अतिरिक्त समय के लिये बढ़ाया भी जा सकता है। प्रतिबंधित वाहन तीन मढ़िया, राधा तिराहा, अप्सरा टॉकीज, विजय टॉकीज, मोतीनगर तिराहा, राहतगढ़ बस स्टैण्ड वन–वे से कटरा की ओर प्रवेश नही कर सकेगें। इसके अतिरिक्त तीन बत्ती से कटरा मस्जिद तक सड़क के दोनो ओर किसी भी प्रकार के वाहन की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगी। यातायात पुलिस ने शहर के नागरिकों से अनुरोध किया है कटरा से तीनबत्ती तक जो वाहन पार्क किये गये है, उन्हें हटाकर म्युनिसिपल स्कूल के अंदर पार्क करना सुनिश्चित करे अन्यथा ऐसे वाहनों को क्रेन से हटवाया जावेगा। जिससे वाहन में होने वाली संभावित क्षति की जिम्मेदारी वाहन मालिक की होगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**बुंदेलखंड को बूंद-बूंद पानी के लिए....** श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश ने जब कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया, तब बुंदेलखंड में सिंचाई का क्षेत्र बहुत सीमित था। आज सिंचाई का दायरा कई गुना अधिक हो चुका है। छतरपुर जिले में ही 50 से ज्यादा सिंचाई परियोजनाएं विकसित की गई हैं। पगारा बांध परियोजना से सैकड़ों गांव तक पानी पहुंचाया जा रहा है, सौ अमृत सरोवर बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा ने 65 लाख से अधिक घरों तक पाइप से पानी पहुंचाया है, बुंदेलखंड में भी यह काम तेजी से हो इसके लिए भी लगातार काम कर रहे हैं।

श्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रदेश में भी लाखों लोगों को पक्के घर बनाकर दिए हैं, लेकिन अभी जिनको घर नहीं मिला है, जो अभी फुटपाथ पर या झोपड़ी में रह रहे हैं, उन तक मेरी बात पहुंचा दें कि कोरोना संकट के कारण काम कुछ धीमा हो गया है, वर्ना अभी तक हर व्यक्ति को घर मिल जाता। उन्होंने कहा कि जो रह गए हैं, उन्हें भी घर मिलेगा, यह मोदी की गारंटी है। 3 दिसंबर को फिर से भाजपा सरकार बनने के बाद यह काम फिर तेज गति से शुरू किया जाएगा और हर गरीब को पक्का घर मिलकर रहेगा। उन्होंने कहा कि इन घरों में सिर्फ चारदीवारी नहीं होगी, बल्कि शौचालय भी होगा, इनमें सौभाग्य योजना की बिजली होगी, उज्जवला का गैस कनेक्शन होगा, यह घर आपका जीवन आसान बनाएंगे, क्योंकि इनमें जल जीवन मिशन का नल कनेक्शन होगा और यह घर महिलाओं की शक्ति बढ़ाएंगे, उन्हें लखपति बनाएंगे क्योंकि उनकी रजिस्ट्री घर की महिलाओं के नाम पर होगी। आपके इस भाई ने तय किया है कि सरकार जो घर देगी, उस पर मालिकाना हक महिला का होगा, मेरी माता–बहनें उसकी मालिक बनेंगी।

छतरपुर की सभा के दौरान पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार, जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, प्रदेश शासन के मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, राहुल सिंह लोधी, प्रद्युम्न सिंह लोधी, प्रदेश उपाध्यक्ष व छतरपुर प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव, प्रदेश महामंत्री व पार्टी प्रत्याशी हरिशंकर खटीक, निवाडी प्रत्याशी अनिल जैन, टीकमगढ प्रत्याशी राकेश गिरी, बिजावर प्रत्याशी राजेश बबलू शुक्ला, पृथ्वीपुर प्रत्याशी डॉ. शिशुपाल यादव, गुन्नौर प्रत्याशी राजेश वर्मा, राजनगर प्रत्याशी अरविन्द पटैरिया, चंदला प्रत्याशी दिलीप अहिरवार एवं महाराजपुर प्रत्याशी कामाख्या प्रताप सिंह उपस्थित थे।

हर गरीब के सपने....नेतृत्व में संचालित आयुष्मान भारत योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीब कल्याण योजना, विश्वकर्मा योजना समेत कई गरीब हितैषी योजनाओं से मध्यप्रदेश के करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने देश और मध्यप्रदेश पर कई दशकों तक राज किया लेकिन गरीबों की सुध कभी नहीं ली।

**लाखों परिवारों का जीवन....** जताया और कहा कि वो भाजपा सरकार दोहराने की गारंटी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकारों ने लाखों परिवारों का जीवन बदला, बदला है। मुझे विश्वास है, आप मध्यप्रदेश में भाजपा को लाएंगे और मोदी के हाथ मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि नीमच का हमारे स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान है यहां आंदोलनकारियों के लिए सैन्य मुख्यालय बनाया गया था। यह धरती सीआरपीएफ की जन्मस्थली के रूप में भी जानी जाती है और नीमच के फुटबॉल प्रेम के किस्से तो पूरे देश जानता है। राष्ट्रभक्ति, राष्ट्र रक्षा और एकजुटता के संस्कार यहां की मिट्टी के कण–कण में है, लेकिन साथियों कांग्रेस देश की इस मिट्टी को धोखा देने का काम कर रही है।

**पिछड़ों को नहीं मिल रहा उनका....** बजट तकरीबन साडे तीन लाख करोड रुपए का है और इस बजट का निर्णय शिवराज सिंह चौहान और उनके 53 अफसर लेते हैं कि कितना बजट कहां जाएगा, उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के 53 अफसर में से केवल पिछड़े वर्ग का एक अफ़सर है। नरेंद्र मोदी ओबीसी वोटरों के नाम पर चुनाव लड़ते हैं और जीतते हैं और उनके वोट का फायदा उठाते हैं लेकिन जब ओबीसी के अधिकार की बात आती है तो चुप हो जाते हैं और कहते हैं कि देश में कोई जाति ही नहीं है। लेकिन जब वोट लेने जाते हैं तो कहते हैं मैं ओबीसी हूं। हम मध्य प्रदेश और देश में सरकार आने पर जाति का जनगणना करने का काम करेंगे। दलितों, ओबीसी और आदिवासियों को उनका हक दिलाने का काम भी हम करेंगे। राहुल ने कहा कि भाजपा के लोग नफरत फैलाते है। एक धर्म के लोगों को दूसरे धर्म से लड़ने का काम करते हैं। एक जाति को दूसरी जाति से लड़ाने का काम करते हैं। यदि सबसे ज्यादा बेरोजगारी है पूरे देश में कहीं है तो वह मध्य प्रदेश में है। उन्होंने कहा कि किसानों और जनता से 30 हजार करोड रुपए लूटकर मोदी जी ने 16 कंपनियों को दे दिए हैं। भाजपा के राज में मप्र बलात्कार और बेरोजगारी का कैपिटल बन चुका है।

**भाजपा काम की नहीं जाति–धर्म....** बनी है तो सभी सरकारी कंपनियों को, फैक्ट्रियों को बेचने का काम किया जा रहा है, जिससे कि लोगों को सरकारी नौकरी नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में करीब 1 करोड़ नौजवान बेरोजगार हैं, जबकि प्रदेश में लाखों सरकारी पद खाली हैं। इसके बाद सरकार युवकों को नौकरी देने को तैयार नहीं है। श्रीमती गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आने के बाद 2 लाख सरकारी पदों को भरने का काम किया जाएगा, सरकारी भर्तियों के नि:शुल्क आवेदन किया जा सकेगा। कांग्रेस के सत्ता में आने पर 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा और 10 लाख का दुर्घटना बीमा देने वाले हैं और यह काम हमारी सरकार राजस्थान में बहुत ही मजबूती से कर रही है।

किसानों की समस्याओं पर श्रीमती गांधी ने कहा कि चित्रकूट क्षेत्र बहुत ही गरीब और कुपोषित है। यहां पर पशुओं की समस्या है, जिससे निजात दिलाने के लिए कांग्रेस की सरकार योजना बनाकर काम करेंगी, छत्तीसगढ़ की सरकार यह कर रही है। भाजपा के 18 साल के राज में किसान रात को सो नहीं पा रहा है और दिन में अपने खाद और बीज के लिए भटकते हैं। भाजपा की सरकार किसानों के कर्ज माफ नहीं करती है, लेकिन बड़े–बड़े उद्योगपतियों के कर्ज माफ करती है।

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

क्रमांक 2331/स.अ./ आवंटन/ सागर/2023 दिनांक 09.11.2023

**भवन भूखण्ड हस्तान्तरण/नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल कॉलोनी पं. दीनदयाल नगर सागर में स्थित भवन क्रमांक एचआईजी 20 मंडल द्वारा श्री संजय कुमार जैन पिता श्री संभवदास जैन को आवंटित किया गया था। उक्त भवन में सहक्रेता श्रीमती ज्योति जैन पति श्री संजय कुमार जैन का नाम जोड़ा गया जिसका विक्रय विलेख मंडल द्वारा 19.05.2006 को निष्पादित कराया गया। श्री संजय कुमार जैन एवं श्रीमती ज्योति जैन के पंजीकृत कारंदाआम श्रीमती अंकिता जैन द्वारा उक्त भवन विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 07.11.2023 के माध्यम से श्रीमती अवनीत कौर पति श्री चरनजीत सिंह एवं श्रीमती चनप्रीत कौर पति श्री गरविन्दर सिंह को विक्रय किया। श्रीमती अवनीत कौर पति श्री चरनजीत सिंह एवं श्रीमती चनप्रीत कौर पति श्री गरविन्दर सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड/भवन स्वयं के नाम से नामांतरित/हस्तांतरित कराने हेतु आवेदन/दस्तावेज, शपथ पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गये है। यदि किसी व्यक्ति को संस्था या हित रखने वाले वैध व्यक्ति को हस्तांतरण/नामांतरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तांतरण/ नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**सम्पत्ति अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**

## प्रारूप C–1

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा:–**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता:–**रक्षा सिंह राजपूत**
**गृह संख्या 303, 1–चंद्रशेखर आजाद वार्ड मालथोन, जिला सागर**

राजनैतिक दल का नाम:– **इण्डियन नेशनल कांग्रेस**

निर्वाचन का नाम:– **मध्यप्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2023**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम:– **36–खुरई**

मैं **रक्षा सिंह राजपूत** उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरण घोषित करती हूँ

**A:– लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं होता | थाना खुरई जिला सागर का अपराध क्र. 74/2023 | अन्वेषणधीन | धारा 294, 506 भा.द.सं. |
| 2. | लागू नहीं होता | थाना मालथोन जिला सागर का अपराध क्र.256/2022 | अन्वेषणधीन | धारा 420, 468, 471 भा.द.सं. |

**B:– दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्र.सं | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |
| 2. | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |

## प्रारूप C–1

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा:–**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता:– **गोविन्द सिंह राजपूत, 1 सीमा नगर मधुकर शाह वार्ड सागर (म.प्र.)**

राजनीतिक दल का नाम:– **भारतीय जनता पार्टी**

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखे)

निर्वाचन का नाम:– **मध्यप्रदेश राज्य विधानसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2023**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम:– **37 सुरखी**

मैं **गोविन्दसिंह राजपूत** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ।

**A:– लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्या. श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी इंदौर | ssppm/37/2023 | आरोप तय नहीं | धारा 188 भा. दण्ड संहिता |
| 2. | पुलिस थाना राहतगढ़ सागर | FIRक्र.0694/2023 | चालान प्रस्तुत नहीं | धारा 188 भा. दण्ड संहिता<br>धारा 123 लो. प्रति अधिनियम |

**B:– दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्र.सं | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

# पुरानी रंजिश को लेकर पिता और पुत्र को लाठी-डंडों से पीटा



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मझगुवां में पुरानी बुराई पर पिता और पुत्र के साथ परिवार के दो लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर दी। इस घटना में दोनों घायल हो गए। पीड़ित युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट करने वाले दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फरियादी प्रमोद पिता नारायण पाल उम्र 21 साल निवासी मझगुवां ने अपने चचेरे भाई के साथ पुलिस थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि विगत 7 नवंबर की सुबह करीब 8 बजे वह अपने पिता नारायण पाल के साथ बाइक से टीकमगढ़ जा रहा था तो गांव के पास रास्ते में पुरानी बुराई को लेकर फरियादी के चाचा अफ्फू पाल व अच्छू पाल उनकी बाइक को रोककर गाली गलौज करने लगे। फरियादी व उसके पिता ने गाली देने से मना किया तो अफ्फूव अच्छू पाल ने लाठी डंडे से फरियादी व उसके पिता की मारपीट कर दी। इस घटना में दोनों लोग घायल हो गए। दोनों घायल 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचे, जहां फरियादी के पिता अस्पताल में भर्ती हैं, जिनका उपचार चल रहा है। फरियादी द्वारा उपचार कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज कराए जाने पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया।

## पारिवारिक विवाद में भाई व भाभियों ने की मारपीट



**दिगौड़ा,देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खरोई में जमीन के बटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच में विवाद हो गया। इस विवाद में पीड़ित दंपति के साथ परिवार के तीन लोगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर दी। पीड़ितों की रिपोर्ट पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। भजनलाल पिता कलू कुम्हार उम्र 32 साल निवासी खरोई ने पत्नी पानकुवंर कुम्हार के साथ पुलिस थाना में आकर रिपोर्ट करते हुए बताया कि विगत 7 नवंबर की दोपहर करीब 1:30 बजे वह पत्नी के साथ खेत पर कार्य कर रहा था। उसी समय उसका बड़ा भाई प्यारेलाल कुम्हार, भाभी रामसखी व सुनीता जमीन के बटवारे पर गाली गलौज व विवाद करने लगे। भजन लाल ने गाली देने से मना किया तो उसके बड़े भाई ने लाठी से मारपीट कर दी। भजन लाल को बचाने के लिए गई उसकी पत्नी पानकुवंर के साथ भी मारपीट कर दी। घटना में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों का उपचार कराकर पीड़ित दंपति की रिपोर्ट पर फरियादी के बड़े भाई प्यारेलाल, भाभी रामसखी व सुनीता कुम्हार के खिलाफ केस दर्ज किया।

# दीपोत्सव और रंगोली सजा कर लोगों ने मतदान भी ली शपथ



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जारी है। इसी क्रम में परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण टीकमगढ़ सुश्री शिवि उपाध्याय एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती गीता मांझी नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ के द्वारा स्वीप प्लान अन्तर्गत जिले के नजरबाग मंदिर प्रांगण में दीपदान एवं रंगोली बना कर नागरिकों को शपथ दिलाई गई कि 17 नवंबर 2023 को सभी अपने पोलिंग वूथ पर पहुँच कर मतदान अवश्य करें। मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को आगामी दिवाली के पर्व की तरह ही लोकतंत्र के पर्व को हर्ष और उल्लास से मनाने के लिये प्रेरित किया गया, साथ ही अपने नगर को स्वच्छ रखनी की समझाइश भी दी गई।

## सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले के विधानसभा क्षेत्र 43 टीकमगढ़ तथा विधानसभा क्षेत्र 47 खरगापुर के लिये नियुक्त प्रेक्षक डॉ. शर्मिला मेरी जोसिफ (आईएएस) ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक डॉ. जोसिफने विकासखण्ड बल्देवगढ़ के मतदान केन्द्र बुदोरा, खरीला सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों में आयोग द्वारा निर्धारित मतदाता सुविधाओं का अवलोकन किया तथा मतदान केंद्र की व्यवस्था के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ प्रभाषराज घनघोरिया, लाइजनिंग अधिकारी दीपेंद्र सिंह कुशवाहा एवं सम्बन्धित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग को टक्कर मारने बाले ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ प्रकरण कायम



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** कस्बे के स्टेट बैंक के सामने सड़क किनारे जा रहे एक व्यक्ति को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी थी। इस घटना में व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। थाना प्रभारी अनुमेहा गुप्ता ने मौके पर पहुंच कर घटना में घायल व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा था। जहां पर घायल व्यक्ति का उपचार चल रहा है। घायल व्यक्ति के पुत्र व पत्नी की रिपोर्ट पर ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। फरियादी रवि पिता हीरालाल अहिरवार उम्र 26 साल निवासी कारसदेव मुहल्ला दिगौड़ा ने अपनी मां मीरा अहिरवार के साथ पुलिस थाना में आकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि विगत 6 नवंबर की शाम करीब 5 बजे उसके पिता हीरालाल अहिरवार धामना तिगैला से पैदल अपने घर जा रहे थे, तभी स्टेट बैंक के सामने झांसी हाइवे सड़क पर सामने से आ रहे ट्रक यूपी 80 एचटी 5843 के चालक ने ट्रक को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए हीरालाल को बगल से टक्कर मार दी थी। इस घटना में वह घायल हो गए थे। जिनका उपचार अभी जिला अस्पताल में चल रहा है। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## खरगापुर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क

# प्रदेश में सरकार बनने पर मोदी को मिलेगी ताकतः राहुल सिंह



**बल्देवगढ़,देशबन्धु।** खरगापुर विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के युवा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी ने ग्रामीण क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ग्रामीणों के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क करते हुए भाजपा को जिताने हेतु हर समाज के मतदाताओं के घर-घर में जनसंपर्क किया है। इसी दौरान सर्व समाज के मतदाताओं ने भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी का चंदन से तिलक कर जीत का आशीर्वाद दिया। गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी ने ग्राम पंचायत हटा एवं गुखरई में जनसंपर्क करते हुए कहा कि कांग्रेस सामंत शाही लोगों की पार्टी है। कांग्रेस पार्टी की सरकार में गरीब विकास नहीं होता है सामंत शाहीयों का ही विकास होता है। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि आपने मुझे आशीर्वाद प्रदान किया तो मैं आपके बीच हमेशा आपके सुख-दुख में खड़ा रहूंगा। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव विकास की दिशा को तय करेगा। आपका एक-एक वोट मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में मुख्य भूमिका के साथ केंद्र में नरेंद्र मोदी की ताकत को मजबूती प्रदान करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि लाडली बहनों ने मन बना लिया है कि अबकी बार भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाकर मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए खरगापुर से भाजपा का विधायक बनेंगा। भाजपा नेता रविंद्र श्रीवास्तव द्वारा घर-घर जनसंपर्क करते हुए कहा कि खरगापुर विधानसभा के घर घर किए जा रहे जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभाओं में लोगों को भीड़ उमड़ रही है। जिनमें हर वर्ग के लोग शामिल हैं। जनता के इस उत्साह और भाजपा को मिल रहे समर्थन से यह स्पष्ट है कि खरगापुर सीट पर भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत हासिल करने जा रही है।

## भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी ने जनसंपर्क कर वोट देने का किया आग्रह



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी से विधानसभा क्षेत्र टीकमगढ़ प्रत्याशी राकेश गिरी गोस्वामी ने भाजपा जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम डूडाटौरा, गोपालपुरा, दरगुवां, परा, चौपरा में पहुंचकर जनसंपर्क किया तथा भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके साथ ही कांग्रेस की नीतियों से नाराज होकर गुरुवार को ग्राम पंचायत पातरखेरा, श्यामपुरा, गड़ाघाट, तिंदारी एवं मवई के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने विधायक राकेश गिरी के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। इस दौरान विधायक राकेश गिरी ने सभी कार्यकर्ताओं को फूलमाला पहनाकर उनका भारतीय जनता पार्टी में स्वागत किया तथा शुभकामनाएं प्रेषित की, वही कार्यकर्ताओं ने संकल्प लेते हुए कहा कि इस बार हम सभी अपनी पूरी ताकत से भाजपा को जिताएंगे और मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाएंगे। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# मऊघाट नाका पर चेकिंग के दौरान 1 लाख 8 हजार 180 रुपये जप्त



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 2023 आचार संहिता के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ सीताराम सासत्या के द्वारा सभी थाना प्रभारियो को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सघन चेकिंग कर अवैध गतिविधियो की रोकथाम हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में दिनांक 08/11/2023 को एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के दिशा निर्देशन में थाना देहात पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर मऊघाट नाका से टीम एवं देहात थाना पुलिस स्टाफ द्वारा चैकिंग के दौरान धर्मेश कुम्हार पिता विनोद कुम्हार निवासी वीरपुरा थाना गरौठा जिला झांसी उत्तर प्रदेश से 1 लाख 08 हजार 180 रुपए की राशि संदेहात्मक रुप में रखे हुये पाये जाने से एफएसटी टीम द्वारा उक्त राशि जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक मनीष कुमार, प्रधान आरक्षक राहुल पटेरिया एवं एफएसटी, एसएसटी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

# अवैध शराब का परिवहन करते बोलेरो पिकप जप्त, आरोपी गिरफ्तार




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या तथा एसडीओपी टीकमगढ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान् जिले में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के विक्रय पर अंकुश लगाने व धरपकड़ हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली आनंद राज के नेतृत्व में 09/11/2023 को मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली अंतर्गत अस्तौन चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राहत खान को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि पहाड़ी तिलवारन जुडावन रोड पर बड़ी मात्रा में एक पिकअप वाहन अवैध शराब लिये जा रहा है। मुखबिर की सूचना विश्वसनीय होने से चौकी से हमराही स्टाफ प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह, आरक्षक पप्पन, आरक्षक कोमल को साथ लेकर पहाडी तिलवारन जुडावन रोड पर जाकर देखा तो एक बुलेरो पिकप पहाडी तिलवारन से आती हुई दिखाई दी। पिकप को रोके जाने पर चालक ने भागने का प्रयास किया जिसे हमराही पुलिस स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया। पिकप के चालक से नाम और पता पूछे जाने पर उसने अपना नाम बब्लू खान पिता कल्लन खान उम्र 32 साल निवासी तालदरवाजा अखाड़ा मोहल्ला टीकमगढ का होना बताया। बोलेरो पिकप वाहन क्रमांक यूपी 93 बीटी 9273 को चेक करने पर उसमे 34 पेटी खाकी कलर के कार्टून रखे पाए गए। इन कार्टून मे देशी मदिरा प्लेन शराब के 1700 क्वाटर मात्रा 306 लीटर कीमती 1 लाख 36 हजार रूपये की पाई गई। उक्त शराब लाने ले जाने के संबंध मे लायसेन्स पूछा जो नही होना बताया। आरोपी का कृत्य धारा 34 (2) आवकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से समक्ष गवाहन आरोपी बब्लू खान से घटना में प्रयुक्त एक सफेद कलर की बोलेरो पिकप जिसमे आगे पीछे पीले रंग की नंबर प्लेट पर यूपी 93 बीटी 9273 कीमती 2 लाख रूपये व 1700 क्वाटर शराब मात्रा 306 लीटर कीमती 1 लाख 36 हजार रूपये, कुल मसरूका 3 लाख 36 हजार रूपये मुताविक जप्ती पत्रक के जप्त किया। थाना कोतवाली टीकमगढ मे अपराध क्रमांक 955/23 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का कायम किया गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक आनंद राज, सहायक उप निरीक्षक राहत खांन, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह, प्रआर 178 गजाधर, आरक्षक पप्पन, कोमल सिंह, शिवशंकर नायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## ग्रामीणों ने वायरल किया वीडियो

# आचार संहिता में भी शराब की गांव-गांव सप्लाई





अखंड यादव

**बल्देवगढ़,देशबन्धु।** प्रदेश में आचार संहिता लागू होने से पुलिस प्रशासन की अलग-अलग टीमों द्वारा जगह-जगह चेकिंग लगाकर अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने की कोशिश ग्राम पंचायत बुड़ेरा में कारगर नजर नहीं आ रही है। विधानसभा चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद भी बुड़ेरा में स्थित देसी एवं अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान से पूरे क्षेत्र में जमकर अवैध तौर पर शराब बेची जा रही है। बुड़ेरा शराब दुकान के ठेकेदार द्वारा आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिली भगत कर शाम 6 बजे से रात के 11 बजे रात तक अपनी डीलक्स मोटरसाइकिल से गांव-गांव जाकर शराब सप्लाई की जा रही है। जिसकी जांच आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकान में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा से की जा सकती है। इस शराब दुकान से मंगलवार को 6:26 पर मोटरसाइकिल से शराब ले जाने का वीडियो भी ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वायरल किया है। इससे पहले भी इस शराब दुकान से चार पहिया वाहन कमांडर गाड़ी शराब भर कर ले जाने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसकी शिकायत आबकारी विभाग के तमाम अधिकारियों से की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। आबकारी विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बाद भी शराब ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। आबकारी विभाग के अधिकारी केवल खाना पूर्ति करने के लिए ही शराब दुकानों पर पहुंचते हैं। सूत्र बताते हैं कि ठेकेदार द्वारा आबकारी विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारियों को सुविधा शुल्क दिया जाता है। यही कारण है कि शराब ठेकेदार पर कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले बुलंद है। बुड़ेरा क्षेत्र के अधिकांश ग्रामों में खुलेआम अवैध शराब का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। देसी एवं अंग्रेजी कंपोजिट शराब की दुकान बुड़ेरा के ठेकेदार द्वारा शासन के नियमों धज्जियां उड़ाई जा रही है। शराब ठेकेदारों ने क्षेत्र के गांवो को अपनी-अपनी रियासतों में बाट लिया है। विधानसभा चुनाव के दौरान कई गांव में झगड़ा की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उल्लेखनीय है कि शासन के नियम अनुसार शराब दुकान के अंदर ही शराब बेचने का होता है। जिसकी शर्तें आबकारी विभाग एग्रीमेंट करके लागू की जाती है। लेकिन देसी एवं अंग्रेजी कंपोजिट शराब की दुकान बुडेरा से तो गांव-गांव अवैध रूप से शराब की छोटी छोटी दुकानें खुलवाकर गैर कानूनी ढंग से धड़ल्ले से शराब की बिक्री हो रही है। कोई रोकने और टोकने वाला ही नहीं है। जिसका वीडियो ग्रामीणों ने सोशल मीडिया पर वायरल किया है।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से बलात्कार के आरोपी को 20 वर्ष की सजा

**पन्ना, देशबन्धु।** शादी का झासा देकर नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी को विशेष न्यायधीश महेन्द्र मंगोदिया की न्यायालय द्वारा बीस वर्ष की कारावास से दण्डित किया है। मामले के संबंध में जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी ने घटना के संबंध मे बताया कि पीड़िता के पिता ने 5 जुलाई 2022 को थाना सलेहा में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेख करायी कि वह मजदूरी का काम करता है। 5 जुलाई 2022 की सुबह लगभग 6.40 बजे वह अपने घर पर था तभी उसकी छोटी लड़की पीड़िता रोजाना की तरह स्कूल पढ़ने की लिए कह कर गयी थी स्कूल से छुट्टी दोपहर 2 बजे होती थी और 3 बजे तक वह घर आ जाती थी लेकिन आज उसकी लड़की पीड़िता घर वापस नहीं आयी तो उन लोगों ने स्कूल जाकर पता किया तो स्कूल के क्लास टीचर ने बताया कि पीडिता सबेरे से स्कूल नहीं आयी है, तब उन लोगों ने आस पास गांव में एवं रिश्तेदारियों में पता किया। परंतु कोई पता नहीं चला। उसे शक है कि उसकी लड़की पीड़िता को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। जिसके आधार पर गुमशुदा की रिपोर्ट लेखबद्ध की गयी। फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध थाना सलेहा मे अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना पीड़िता को 1 नवम्बर 2022 को ग्राम अटेली, हरियाणा से दस्तयाब कर दस्तयाबी पंचनामा तैयार किया गया। पीड़िता के कथन उसके बताये अनुसार लेखबद्ध किए गए जिसमें अभियोक्त्री ने बताया कि अभियुक्त उसे हरियाणा ले गया था जहां एक कमरे में रखकर शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार 26 दिन तक गलत काम करता था। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय महेन्द्र मंगोदिया विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी जिला लोक अभियोजन अधिकारी संदीप कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक वरिष्ठ सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी दिनेश खरे द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी राजकुमार उर्फ राज दहायत के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए न्यायालय महेन्द्र मंगोदिया विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट पन्ना के न्यायालय द्वारा आरोपी राजकुमार उर्फ राज दहायत को क्रमश: धारा. 366(क) भादसं एवं 5 (एल)/6 पॉक्सो एक्ट के आरोप में 7 वर्ष एवं 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 500-500 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# 2 अपराधियों पर की जिला बदर की कार्यवाई

**दमोह देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 02 अपराधियों पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक आलोक अरोरा पिता स्व. रामगोपाल अरोरा निवासी आजाद वार्ड थाना हटा एवं अनावेदक मुड़िया ऊर्फप्रकाश पिता बाटू वर्मन निवासी मुराछ थाना गैसाबाद जिला दमोह को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं तथा आसपास के जिला सागर, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, पन्ना, छतरपुर से आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि के लिये निष्कासित (जिला बदर) कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर दमोह जिले की सीमाओं से बाहर चले जायें एवं अपने आचरण में सुधार करें।

जिला बदर की अवधि में अनावेदकों को केवल उनके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु इसके पूर्व अनावेदक संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देना होगी तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने पर अनावेदक के विरूद्ध म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# त्यौहारों के मद्देनजर व्यवस्था में बदलाव

**दमोह देशबन्धु।** 10 नवम्बर धनतेरस और 12 नवम्बर दिपावली होने के कारण शहर में खरीदारी करने हेतु ग्रामीण क्षेत्र/शहर से लोगों के आने की संभावना को देखते हुये पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी ने नागरिकों से कहा है शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू एवं सरल बनाये रखने हेतु 10 नवम्बर से 12 नवम्बर 2023 तक दमोह शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

**प्रतिबंधित मार्ग ( दो पहिया एवं आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर अन्य सभी वाहन-** थाना प्रभारी यातायात ने बताया यातायात को सुगम बनाने के लिये अस्पताल तिराहा से घण्टाघर, प्राईवेट बस स्टैण्ड से एवरेस्ट लॉज होते हुये घण्टाघर, धगट चौराहा से उमा मिस्त्री तलैया होते हुए घण्टाघर, मोहन टाकीज से बकौली मंदिर होते हुये घण्टाघर, डॉ. दुआ अस्पताल से एवरेस्ट होते हुये घण्टाघर एवं मागंज स्कूल तिराहा से घण्टाघर मार्ग प्रतिबंधित रहेगा।

## पार्किंग व्यवस्था

उन्होंने बताया अस्पताल तिराहा के पास मानस भवन परिसर एवं पुलिस अस्पताल, मोहन टाकीज के पास दीवान जी की तलैया के किनारे, प्रायवेट एवं सरकारी बस स्टैण्ड, मागंज स्कूल परिसर, दुआ डाक्टर के आगे पशु चिकित्सालय एवं उमा मिस्त्री की तलैया पार्किंग व्यवस्था हेतु सुरक्षित की गई है।

## वैकल्पिक मार्ग

यातायात को सुचारू एवं सुरक्षित व्यवस्था के तहत धरमपुरा से सीधे कीर्ति स्तंभ चौराहा, बस स्टैण्ड, स्टेशन चौराहा, राय तिराहा, पलंदी चौराहा होते हुये बाहर आ-जा सकते है। मारूताल से सीधे किल्लाई नाका होते हुये तहसील ग्राउण्ड, तीन गुल्ली पहुंचकर उक्त निर्धारित मार्ग से बाहर आ-जा सकते है। सागर नाका से तीन गुल्ली होते हुये बस स्टैण्ड से कीर्ति स्तंभ तहसील ग्राउण्ड पहुंच सकेंगे।

# गणमान्य नागरिक ले रहे भाजपा की सदस्यता



**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के पहले लगातार विभिन्न संगठनों, राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, पूर्व शासकीय कर्मचारियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के कामों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनुभव गौतम (पिंकू), अश्विनी चौबे (जिला उपाध्यक्ष आप), मु.हनीफकुरैशी (जिला कांग्रेस महामंत्री) छप्पन सिंह लोधी (पूर्व सरपंच शीशपुर पटी), शैलेन्द्र दयाल, नारायण जाटव, अजय अहिरवाल, योगेश चौरसिया, मदन विश्वकर्मा के साथ अन्य साथियों ने आप पार्टी छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# जनसंपर्क में भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा जन समर्थन



**दमोह देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के दमोह विधानसभा प्रत्याशी, और पदाधिकारी, सिद्धार्थ मलैया द्वारा लगातार जनसंपर्क और बैठकें के माध्यम से जनता का समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने पालर, कुंआखेड़ा बरी, लक्मन कुटी, महुआखेड़ा, सेमरपट्टी, मुड़िया भौंदल खेड़ी, सिविल वार्ड नं 9 में बैठक मे वार्डवासियो को संबोधित किया और भाजपा सरकर की जनकल्याणकारी व जनहितैषी योजनाओं की जानकारी भी दी और भाजपा के समर्थन में आगामी विधानसभा चुनाव के आशीर्वाद की

# आर्यावर्त षडदर्शन साधुमंडल एवं आचार्य परिषद के विशेष सत्र की बैठक सम्पन्न



**दमोह देशबन्धु।** आर्यावर्त षडदर्शन साधुमंडल एवं आचार्य परिषद के विशेष सत्र की बैठक कार्तिक कृष्ण एकादशी पर्व पर साकेत धाम आश्रम मे संपन्न हुई। जिसमें क्रमश: तीन मुख्य बिन्दुओं पर विचार विमर्श हुआ। संत समागम की दृष्टि से सुगमता और धार्मिक परिप्रेक्ष्य की शुद्धता का मूलभूत सिद्धांत स्थापित करना। आधुनिकीकरण की दोड़ में प्राचीन मठ मन्दिरों की परम्पराओं का निर्वहन अखाड़े और महंथी व्यवस्था के ही सानिध्य मे संपन्न हो न कि शासकीय अर्ध संस्कारित संस्थाओं या ट्रस्ट के अंदर संपादित हों क्योंकि समितियों को धर्म का पूर्ण ज्ञान नहीं। मठ मंदिरों मे हो रहे नव नियुक्त संतो पुजारियों और महंत व मण्डलेश्वरो का गौ, गीता, गंगा एवं राष्ट्र धर्म की अखंडता का समग्रता से पालन जिससे समाज मे सनातन सिद्धांत स्थापित हो सके। संतो के मध्य मंचीय उद्बोधन के साथ में मैं श्रीभगवान एवं महामण्डलेश्वर श्री हरि दास जी महाराज की अध्यक्षता साथ ही महामण्डलेश्वर श्री राम भूषण दास जी महाराज की उपस्थिति मे काशी से पधारे महंत श्री श्रवण दास जी महंत श्री ईश्वर दास जी महंत श्री मोहन दास जी कोतवाल महंत श्री रघुनाथ दास जी महाराज महंत श्री दामोदर दास जी महाराज महंत श्री श्याम दास जी, महंत हरिराम दास जी, महंत दीपक दास जी महंत प्रह्लाद दास जी, महंत श्री राम लखन दास जी महाराज, महंत श्री संतोष दास उपस्थित रहे जिसमें महामंगल सेवा समिति के सदस्यों ने जाजिम पर बैठे संतों का पुष्प माला से अभिनंदन सम्मान समर्पित किया।

# अधिवक्ताओं के साथ अजय टंडन ने की चर्चा



**दमोह देशबन्धु।** दमोह विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी ने जिला न्यायालय के सभागार में सभी अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अजय कुमार टंडन ने सभी वरिष्ठ और युवा अधिवक्ताओं से चर्चा के दौरान समाज में उनके द्वारा दिए जा रहे योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही कहा कि आप समाज को न्याय और निर्दोष को अन्याय से बचाने का कार्य करते हैं। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण सहयोग और समर्थन की चाह की भावना व्यक्त की।

इस अवसर पर गजेन्द्र चौबे, भगवती श्रीवास्तव,विपिन टंडन, रमेश श्रीवास्तव, सुरेश मेहता, प्रशांत हजारी, पप्पू नायक मुकेश पांडे, केके जैन पंकज श्रीवास्तव, हज़रत खान, अनुन्य श्रीवास्तव रॉबी चौरसिया सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

# बीएलओ मतदाताओं को पीले चावल देकर कर रहे मतदान करने का आग्रह



**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरुक करने के प्रयासों में पथरिया विधानसभा मतदान केंद्र 17 लिधौरा के बीएलओ माधव पटेल द्वारा मतदाताओं को निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई मतदाता सूचना पर्ची के वितरण के साथ-साथ पीले चांवल देकर मतदान करने का आग्रह किया जा रहा है।

# मानव श्रृंखला बनाकर छात्रों ने मतदाता जागरूकता का दिया संदेश




**दमोह देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वीप गतिविधियों के तहत 17 नवम्बर 2023 को मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप समिति द्वारा दमोह जिले के विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय तथा अन्य संस्थाओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अनेक तरह के कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों के तहत आज सद्भावना स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई और मतदाताओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सद्भावना स्कूल की प्राचार्य रूपाली खरे द्वारा किया गया। प्राचार्य द्वारा निरंतर विविध तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रसाय किया जा रहा है। कार्यक्रम में शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।यह जानकारी एनएसएस जिला संगठन डॉ. जितेन्द्र कुमार चौधरी ने दी।

# खाद्य विभाग ने राजलक्ष्मी होटल सहित 4 स्थानो से घरेलू गैस सिलेंडर किये जप्त



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह के निर्देशानुसार आगामी दीपावली पर्व के दृष्टिगत उपभोक्ताओं को सही माप में गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री और मिष्ठान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संयुक्त जांच दल द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इसमें खाद्य विभाग सहित खाद्य सुरक्षा, नापतौल और राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं। गुरूवार को टीम द्वारा प्रतिष्ठानों की जांच कार्यवाही के दौरान शहर के होटल राजलक्ष्मी से सैम्पल लेकर एक घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किया। इसके अलावा न्यू स्टूडेण्ट चाट सेन्टर से एक और प्रणामी भोजनालय से दो घरेलू गैस सिलेंडर जप्त करने की कार्यवाही की गई। इसके अलावा सानवी होटल से दही, मोहन राजविलास होटल से पनीर और पॉपुलर फ्रेस मोमोज से पनीर का सैम्पल लिया। जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश राय, नापतौल निरीक्षक अर्चना मिश्रा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रदीप त्रिपाठी और कल्लू पटेल द्वारा जांच कार्यवाही की गई।

## सतानन्द महाराज परमहंस की उपाधि से किये जायेगे सम्मानित



**पन्ना, देशबन्धु।** श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट, श्री 5 पद्मावतीपुरी धाम, पन्ना के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान संरक्षक भागवत भास्कर, संत सदानन्द महाराज को उनके द्वारा किये जा रहे अनवरत निस्वार्थ जनकल्याण, आत्मजागरण, सत्य सनातन धर्म उत्थान, सनातन संस्कृति की रक्षा, शिक्षा एवं स्वाथ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान, कन्या विवाह, मंदिर, गौशाला, नंदीशाला, धर्मशाला निर्माण व पन्ना धाम के प्रति संपूर्ण निष्ठा, समर्पण, प्रेम और आस्था को देखते हुए श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट, श्री 5 पद्मावतीपुरी धाम, पन्ना द्वारा धामी समाज के समस्त अग्रगण्य, विद्वान, विदुषी जन, पुजारीगण व गणमान्य सुन्दरसाथ जी की उपस्थिति में धन तेरस पर सुन्दरसाथ जगत के शीर्ष धर्म संसद बंगला जी दरबार से परमहंस की महती उपाधि प्रदान की जाएगी। उन्हे यह उपाधि विभिन्न समाजिक तथा धार्मिक कार्यो के करने के लिए दी जा रही है।

# विधानसभा स्तर पर भी स्थापित किए गए हैं कंट्रोल रूम

**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत निर्वाचन कार्य में सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा निरंतरता हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के आदेशानुसार कलेक्ट्रेट कार्यालय कम्पोजिट भवन में कक्ष क्रमांक-48 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07482-299310 है। आमजनों की सुविधा हेतु भारत निर्वाचन शाखा में डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर भी स्थापित किया गया है, जिसका टोल फ्री नम्बर 18002339272 तथा 1950 है। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर तथा कंट्रोल रूम में अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है ।डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर तथा कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी जिला संस्थागत वित्त अधिकारी श्री खिलान सिंह यादव को बनाया गया है। साथ ही जिला प्रबंधक ई-गर्वनेंस सोसायटी श्री धर्मेन्द्र नायक तथा जिला प्रबंधक लोक सेवा गारंटी श्री रवि चंदेल को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इनके अतिरिक्त जिला आयुष कार्यालय के बहुउद्देशीय कार्यकर्ता श्री मुकेश लारिया को सहायक बनाया गया है। डिस्ट्रिक्ट कॉन्टेक्ट सेंटर तथा कंट्रोल रूम 24 घण्टे संचालित है तथा इसमें तीन पालिकों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जिला स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम के साथ ही चारों विधानसभाओं में रिटर्निंग अधिकारी कार्यालयों में विधानसभा स्तरीय कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं। सांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायसेन में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 07482-222313, सिलवानी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेगमगंज में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 7748094206, उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरेली में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 7610181839 और भोजपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गौहरगंज में स्थापित कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 9165786980 है।

## क्षेत्रीय संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

# कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश नायक ने कई ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण किया



पन्ना, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आते ही अब भाजपा कांग्रेस दोनों प्रमुख दलों की प्रत्याशी विभिन्न क्षेत्रों में अपना जनसंपर्क तेजी से कर रहे हैं। पवई विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश नायक ने कई ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण किया जहा उन्हें ग्रामीणों से जनसमर्थन मिला रहा है। क्षेत्रीय संघर्ष समिति के सक्रिय कार्यकर्ता है और क्षेत्र में मजबूती से पकड़ रखने वाले रिटायर्ड एसडीओ जवाहर लाल कुशवाहा के निवास पर कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश नायक उपस्थित हुए और उन्होंने कहा की हम एक परिवार के सदस्य है आप कांग्रेस पार्टी का साथ दे क्योकि हमे आपकी बहुत जरूरत है। कुशवाहा ने कहा में आपके साथ कदम से कदम मिलाने के लिए तैयार हूं लेकिन हमारी कुछ शर्त है जो केन नदी पर एक बांध और क्षेत्र में किसानों के खेतो में पानी पहुंचाया जाये और जे.के सीमेंट फैक्ट्री में 500 लड़के भर्ती हर साल हो और क्षेत्र में भेदभाव की राजनीति ना हो हर व्यक्ति को सम्मान मिले यह शर्त अगर आपको मंजूर हो तो हम आपके साथ है। मुकेश नायक ने आगे कहा है कि अपन सब मिलकर कांग्रेस का कार्य करे जिसमे उपस्थित हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वॉलीबाल मैच के माध्यम से दिया मतदान का संदेश



**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में मतदाता जागरूकता की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। कई रोचक गतिविधियों के जरिए भी सभी वर्ग के मतदाताओं को मतदान का महत्व बताने के साथ-साथ लोकतंत्र के महाउत्सव में मतदान के लिए जागरूक और प्रेरित किया जा रहा है। गुरूवार को स्वीप एक्टीविटी अंतर्गत ग्राम बगौंहा में वॉलीबाल मैच खेला गया। मैच के माध्यम से युवा वर्ग के मतदाताओं को मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा कई स्थानों पर मतदान की शपथ दिलाई गई। शासकीय उ.मा. विद्यालय महेबा में छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता और मतदान गतिविधि पर आधारित आकर्षक रंगोली और पेंटिंग्स बनाई गई। इसी तरह ग्राम सिरस्वाहा में महिला मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। महिला बाल विकास गुनौर परियोजना अंतर्गत महिलाओं को पीले चावल देकर मतदान केन्द्र पहुंचने की अपील भी की गई। पन्ना नगर में जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।